धनतेरस मंगलमय हो

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 90 | गुवाहाटी | मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



# राज्यभर में श्रीकृष्ण रास महोत्सव की मची धूम




**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम श्रीकृष्ण रास महोत्सव के रंग में रंग गया है। इसके आयोजन की तैयारियां जोरों पर हो रही है। राजधानी गुवाहाटी के निकटवर्ती छयगांव में राज महोत्सव को लेकर तैयारी की गई। श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित विभिन्न प्रकार की झांकियां तैयार की गई हैं। वहीं प्रशासन द्वारा यहां आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं नलबाड़ी में ऐतिहासिक रास महोत्सव की तैयारी भी काफी जोरों पर हो रही है। रास महोत्सव आयोजन समिति बीते पूर्णिया से रास के आयोजन की तैयारी शुरू कर चुकी है। कार्तिक माह की पूर्णिमा के मौके पर राज्य के विभिन्न स्थान पर राष्ट्रीय आयोजन की तैयारी चल रही है। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए कहा है कि श्रीकृष्ण रास महोत्सव के आयोजन की शुरुआत हो चुकी है। बीते कल असम मंत्रिमंडल में हमने असम की लगभग दो हजार रास समितियों को, जो जीवंत रास मना रही हैं, आर्थिक सहायता देने का विशेष निर्णय लिया है। उम्मीद है कि इस मदद से श्रीकृष्ण की भक्ति के साथ रासोत्सव के आयोजन में कुछ हद तक मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि प्रत्येक समिति को 25 हजार रुपए देने का सरकार ने निर्णय लिया है। राज्य के माजुली, बरपेटा, नलबाड़ी, कामरूप (ग्रामीण), शिवसागर समेत विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर रास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## असम विस उपचुनाव के लिए पांच में से चार विस क्षेत्रों के नामांकन की हुई जांच

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम में पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें धलाई 11 नंबर विधानसभा सीट पर सभी नौ उम्मीदवार, 31 नंबर सिडली विधानसभा पर सभी तीन उम्मीदवार, 32 नंबर बंगाईगांव विधानसभा सीट पर आठों उम्मीदवार और 77 नंबर बिहाली विधानसभा सीट पर चारों उम्मीदवारों का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। 88वें नंबर सामागुरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन पत्रों की जांच 29 अक्तूबर को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर है। मतदान 13 नवंबर को होगा। जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं।

## झाड़-फूंक के नाम पर दो परिवारों को बेहोश कर लूटपाट

**धुबड़ी ( हिंस )।** जिला के तामारहाट के कुर्शाकाट्टी में अंधश्रद्धा का भयानक रूप सामने आया है। झाड़-फूंक के नाम पर दो लूटेरों ने दो परिवारों को आठ लोगों को बेहोश कर घर में रखे नगद और अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात दो परिवारों को बेहोश कर सब कुछ लूट लिया गया। झाड़-फूंक करने आए दो लुटेरों ने परिवार की मंगल कामना के नाम पर तंत्र-मंत्र का जाल फैलाकर दो परिवारों के आठ लोग बेहोश कर दिया। बेहोश होने वालों में मनोरंजन रॉय, सूर्य बाला राय, रामचंद्र रॉय, मम्पी रॉय, शुको रॉय, मदन राय, संजय भकत और तुलेश्वरी भकत शामिल हैं। काफी देरतक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों को शक हुआ, जब उन्होंने घर में प्रवेश कर देखा तो पाया कि सभी बेहोश पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर रूपशी पुलिस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। लुटेरों ने ने दोनों परिवारों के पैसे के साथ-साथ गहने भी लूट लिए। वहीं दूसरी घर में मौजूद अन्य कीमती सामान भी लूटकर फरार हो गए। बेहोशी की हालत में दोनों परिवारों को आठों लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हेरोइन की तस्करी मामले में शामिल एक तस्कर गिरफ्तार





**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के पानबाजार थाना क्षेत्र में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), असम ने अभियान चलाकर हेरोइन समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने सोमवार को बताया कि पानबाजार थाना क्षेत्र के त्रिपुरा रोड बालू घाट इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर की पहचान मोहम्मद मंजूर हुसैन उर्फ भाईटी (35) धर्म के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी वशिष्ठ थाना क्षेत्र इलाके में रहकर ड्रग्स का अवैध कारोबार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 21 प्लास्टिक के छोटे-छोटे सीसी में भरकर रख गए 29.9 ग्राम हेरोइन, नगद 7 हजार 260 रुपए, एक मोबाइल फोन के अलावा ड्रग्स तस्करी के लिए व्यवहार की जा रही एक बाइक (एएस-01बीएम-1897) को जब्त किया है। ड्रग्स समेत गिरफ्तार आरोपी को एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सुपारी हाईजैक मामले में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** होजाई जिले में वाहन समेत सुपारी हाईजैक मामले में शामिल एक आरोपी को ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दुधनोई थाना क्षेत्र के लेला लेठेंगपाड़ा निवासी मनोज राभा (29) के रूप में की गयी है। पुलिस ने आज बताया है कि आरोपी युवक को दुधनोई पुलिस ने बीती रात में छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपी युवक पेशे से ड्राइवर बताया गया है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में होजाई से सुपारी से लदे वाहन को हाईजैक किया गया था। बाद में होजाई पुलिस स्टेशन में 489/2023 यू/एस 381/34 आईपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इस घटना के संबंध में पुलिस ने कई आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन सुपारी हाईजैक से जुड़ा एक अन्य आरोपी दुधनोई के लेठेंगपाड़ा निवासी मनोज राभा फरार था। होजाई पुलिस ने दुधनोई पुलिस की मदद से बीती रात आरोपी मनोज राभा को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आज होजाई पुलिस ने दुधनोई पुलिस से आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर होजाई के लिए रवाना हो गई।

## करोड़ों रुपए के नशीले पदार्थ को पुलिस ने किया नष्ट

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट जिला के विभिन्न इलाकों से पुलिस द्वारा जब्त की गई नशीले पदार्थ को सोमवार को जला दिया गया। पुलिस ने बताया कि गोलाघाट के बागरीजेंग स्थित पुलिस खेल मैदान में लगभग 4 करोड़ 53 लाख 83 हजार 8 सौ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ को गोलाघाट पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में जला कर नष्ट कर दिया गया। जिले के विभिन्न इलाकों से पुलिस द्वारा जब्त की गई हेरोइन, गांज समेत अन्य नशीले पदार्थों को जलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशीले पदार्थ के खिलाफ जिले में हमारा अभियान आने वाले समय में जारी रहेगा। काफी लोगों को नशीले पदार्थ का व्यापार करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। हम एक अच्छे समाज का गठन चाहते हैं।

# जलाह गर्ल्स हाई स्कूल में बाल संरक्षण और महिला एवं बच्चों के सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया




**विकसित भारत समाचार**

**बक्सा।** आज बाक्सा जिले के जलाह गर्ल्स हाई स्कूल के मीटिंग हॉल में बाल संरक्षण तंत्र, मानव तस्करी, सुरक्षा, संरक्षा और महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) और जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (डीएचईडब्ल्यू), बाक्सा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), बाक्सा और आईसीडीएस परियोजना, जलाह, महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी), बाक्सा के सहयोग से एक संयुक्त प्रयास था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाक्सा की जिला बाल संरक्षण अधिकारी (प्रभारी) डॉ. लिपिका बर्मन ने की। कल्पना दास, सीडीपीओ, आईसीडीएस परियोजना, जलाह ने स्वागत भाषण दिया। नई दिल्ली की सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. घृतश्री भुयान नरूला कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने बाल संरक्षण, मानव तस्करी तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें बाक्सा में डीएलएसए के उप मुख्य कानूनी सहायता बचाव वकील त्रिदीप सरमा, जलाह में शिमला कैंप की सर्किल इंस्पेक्टर मैडम चौधरी कलिता, जलाह गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक धनंजय बोरो, छात्र और शिक्षक शामिल थे। बाल संरक्षण के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें समुदाय में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और आईसीडीएस कर्मियों सहित सभी उपस्थित लोगों की सक्रिय भागीदारी रही, जो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदाय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ओरांग राष्ट्रीय उद्यान से चार शातिर शिकारियों को किया गिरफ्तार

**दरंग ( हिंस )।** ओरंग राष्ट्रीय उद्यान में बीती रात एक सींग वाले गैंडों के शिकार की योजना बनाते समय चार शातिर शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। दलगांव पुलिस ने सोमवार को बताया कि ओरांग राष्ट्रीय उद्यान में बीती रात गैंडों का शिकार करने की योजना बनाने की जानकारी मिलते ही दलगांव पुलिस ने चार शातिर शिकारियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। शिकारियों के पास से एक 303 राइफल के थ्री नाट थ्री राइफल की बैरल एवं एक पाइप बरामद किया गया है। गिरफ्तार किये गए लोगों की पहचान अब्दुल अली निवासी कपाटी गांव, अजगर अली निवासी कचारीभेटीटोप गांव, अली हुसैन निवासी कचारीभेटीटोप गांव, खलीलुर रहमान निवासी खजुआबिल गांव के रूप में की गई है। दलगांव पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## होजाई में *सुसज्जित व्हील बैलेंसिंग एवं व्हील अलाइनमेंट सेवा* के साथ *प्रकाश टायर्स* का शुभारंभ



**होजाई ( निसं )।** दीपोत्सव के पावन पर्व पर होजाई के दो भाइयों विजय और अजय गुप्ता ने एक मिसाल पेश की है जहां आज के दौर में भाई-भाई अलग हो रहे हैं। वहीं यह दोनों भाई मिलकर प्रेम पूर्वक कार्य कर रहे हैं व अपने पिता जयप्रकाश गुप्ता के आदर्शों का अनुसरण करते हुए एमआरएफ टायर्स और सर्विस फ्रेंचाइज प्रकाश टायर्स का होजाई के जेके केडिया रोड (मेन रोड) में शुभारंभ किया। इस उद्घाटन समारोह में एमआरएफ के डिवीजनल मैनेजर धीरज भारद्वाज व सीनियर डिविजनल मैनेजर पारस प्रतिम बरुवा उपस्थित थे। उन्होंने एमआरएफ टायर्स और सर्विस फ्रेंचाइज प्रकाश टायर्स का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके साथ ही, एमआरएफ टायर्स और सर्विस फ्रेंचाइज में टायर खरीदारी के लिए वातानुकूलित सुविधा सहित कंप्यूटरीकृत एवं पूर्णतः सुसज्जित व्हील बैलेंसिंग एवं व्हील अलाइनमेंट सेवा का आज से शुभारंभ हुआ। वहीं, इट्स उपलक्ष पर अजय और विजय गुप्ता ने की होजाई में प्रकाश मोटर का शुभारंभ सन 2003 में उनके पिता जयप्रकाश गुप्ता के यथक प्रयासों से हुआ था। हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ते हुए इस प्रतिष्ठान को और बुलंदियों पर ले जाएंगे, हमारी प्राथमिकता ग्राहकों को अच्छी से अच्छी सुविधा देना है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव कश्यप गुप्ता ने किया।

## बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिले के बिजनी के दंसीयापाड़ा इलाके में बिजली के तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मनाह राष्ट्रीय उद्यान से निकालकर रिहायशी इलाके में आने वाले हाथियों से बचने के लिए लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से फुलबर अली (35) की मौके पर ही मौत हो गई। केले की खेती को जंगली हाथियों से बचने के लिए दंसीयापाड़ा गांव के ही मानव राय द्वारा खेत के चारों तरफ बिजली का तार लगाया गया था।

## पशु तस्करी में शामिल चार गिरफ्तार

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिला के लंका थानांतर्गत इलाके से पशु तस्करी मामले में शामिल चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिले के अपराध शाखा और पुलिस द्वारा चलाये गए संयुक्त अभियान के दौरान 9 मवेशी समेत 4 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर दो वाहनों के जरिए 9 मवेशियों की तस्करी कर रहे थे। बरामद किए गए सभी मवेशियों को मेघालय के पशु बाजार तक तस्कर ले जा रहे थे। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है।

## बंगाईगांव : अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे चरण में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित



**बंगाईगांव।** अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे चरण में 26 एवं 27 अक्तूबर को खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेश डाबड़ीवाल, महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं श्री अग्रवाल समाज सभा के सचिव विकास सुरेका ने संयुक्त रूप से खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा अच्छी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी उपस्थित थे। खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता, कैरम बोर्ड प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, मार्बल रेस, हिट द टारगेट, हाउजी के अलावा कई सरप्राइज गेम भी थे। ये खेल बच्चों से लेकर बड़ों के लिए थे जिसमें सभी ने हिस्सा लेकर आनंद लिया। उक्त प्रतियोगिता के सभी विजयी प्रतियोगियों को खेल समाप्ती पर पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन करते हुए महेश कुमार अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल ने समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक प्रेमनाथ हरलालका एवं राजकुमार बजाज को मंच पर आमंत्रित किया। इनके अलावा मंच पर अग्रवाल समाज सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार हरलालका, सचिव विकास सुरेका तथा महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल सचिव श्रीमती काजल अग्रवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल करने में गोपाल हरलालका, दीपक अग्रवाल, श्याम धूत, जितेश बजाज, श्रीमती रंजना अग्रवाल, श्रीमती नीलम अग्रवाल, श्रीमती पिंकी चिरानिया, श्रीमती बरखा मित्तल, श्रीमती दीपाली अग्रवाल के अलावा उपस्थित सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। ज्ञात हो कि गठित एक सशक्त संचालन समिति की देखरेख में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम दीपावली मिलन समारोह के साथ आगामी 3 नवंबर रविवार को आयोजित होगा जिसके अंतर्गत सुबह एक रंगारंग शोभा यात्रा निकाली जाएगी एवं सांयकाल को तेरापंथ भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अग्रवाल समाज के शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योग्यता हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा तथा उनको पुरस्कृत किया जाएगा। श्री अग्रवाल समाज सभा के अध्यक्ष, महिला शाखा की अध्यक्षा एवं श्री अग्रवाल युवा परिषद के अध्यक्ष क्रमशः मनोज कुमार हरलालका, श्रीमती अनीता अग्रवाल एवं श्री गोविंद अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से आगामी 3 नवंबर को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। यह जानकारी प्रचार सचिव श्री गोपाल हरलालका ने दी।

## सीएम चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल में आगसा फुटबॉल एकादश की एंट्री फाइनल में



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता के तत्वावधान में तथा हरदत्त- बीरदत्त स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से रंगिया विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सीएम चैंपियनशिप ट्रॉफी-2024 आमंत्रणमूलक पुरस्कार राशि फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में आगसा फुटबॉल एकादश फाइनल में पहुंची। एएमबी मेघालय फुटबॉल एकादश और हाउली आगसा फुटबॉल के बीच पहला सेमीफाइनल मैच शनिवार को रंगिया हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान प्रांगण में आयोजित किया गया। इस रोमांचक खेल के पहले हाफ के 11वें मिनट में मेघालय टीम के 15 नंबर जर्सी परिधान किए हुए राहुल ने पहला गोल करने के अलावा 10 नंबर पोशाक धारी करण ने 30वें मिनट में दूसरा गोल किया। वहीं आगासा के नंबर 14 पोशाक धारी हीरक ने पहले हाफ के अंत में पहला गोल किया। दूसरा गोल आगासा के नंबर 10 पोशाक धारी बाबू सोनार ने किया। पूरे समय तक मैच को 2-2 गोल से बराबर करने का फैसला किया लेकिन चाडेंट की सहायता से 6-7 गोल के व्यवधान में हाउली आगसा फुटबॉल टीम ने अपनी जीत दर्ज कराई। खेल का उद्घाटन दरंग उदालगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से सांसद दिलीप सैकिया ने किया। उद्घाटन समारोह में रंगिया के विधायक भवेश कलिता उपस्थित रहे। मैच का संचालन रेफरी बिपुल वैश्य ने किया, जिसमें अंसारुद्दीन अहमद और परहेद अली अहमद ने सहायता की और ध्रुवज्योति कलिता आधिकारिक रेफरी थे।

# मंत्री सोनोवाल ने पांडु मल्टी मॉडल टर्मिनल पर पूर्वोत्तर की पहली जहाज मरम्मत सुविधा की प्रगति की समीक्षा की



**गुवाहाटी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को पूर्वोत्तर भारत की पहली जहाज मरम्मत सुविधा के साथ-साथ एलिवेटेड रोड कॉरिडोर सहित चल रही निर्माण गतिविधियों की समीक्षा के लिए पांडु बंदरगाह परिसर का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ देश में जलमार्गों के विकास के लिए नोडल एजेंसी भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के साथ भी बैठक की, ताकि 645 करोड़ रुपए के निवेश से ब्रह्मपुत्र नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग 2) के किनारे विकसित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया जा सके। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि जलमार्ग हमेशा से नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए जीवन रेखा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में, हमारी सभ्यता का यह महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक विकास और समृद्धि के लिए स्थायी समाधान खोजने के नए प्रयास का केंद्र बिंदु बन गया है। राष्ट्रीय जलमार्ग 2 या हमारा प्रिय महाबाहु ब्रह्मपुत्र असम के लोगों के लिए जबरदस्त संभावनाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से समुद्री परिवहन के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए मोदी सरकार ने इसे विकसित करने के लिए पर्याप्त निवेश किया है। जहाजों, वाहिकाओं और मालवाहक नौकाओं के सुचारू मार्ग के लिए न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) बनाए रखने के लिए ड्रेजिंग जैसी नियमित गतिविधियों के अलावा, हमने नदी के किनारे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी प्रावधान किए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी पर 645 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय के साथ 10 प्रमुख परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। इन्हें नदी पर्यटन, सार्वजनिक परिवहन के साथ-साथ माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण के लिए डिज़ाइन किया गया है। माजुली और धुबड़ी जैसे रणनीतिक स्थानों पर स्लिपवे के अलावा, उत्तर लखीमपुर के घागोर और बारपेटा के बहारी में नए यात्री टर्मिनल विकसित किए जा रहे हैं। हमने यहां मंत्रालय और आईडब्ल्यूएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इन परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। मुझे यह जानकर संतुष्टि होती है कि इन प्रमुख परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए काम चल रहा है। उन्होंने जहाज मरम्मत सुविधा के चल रहे निर्माण का निरीक्षण किया। यह भी उल्लेखनीय है कि इस मरम्मत सुविधा का निर्माण 208 करोड़ रुपए के निवेश से किया जा रहा है और इसे हुगली-कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल) के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। 180 करोड़ रुपए के निवेश से एनएच 27 के लिए वैकल्पिक सड़क के माध्यम से पांडु पोर्ट कॉम्प्लेक्स तक अंतिम मील कनेक्टिविटी की भी समीक्षा की गई। पांडु पोर्ट कॉम्प्लेक्स में क्षमता विस्तार के भौतिक निरीक्षण के बाद बोलते हुए, सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि रणनीतिक लाभ के कारण पांडु पूर्वोत्तर के जलमार्गों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इसे ध्यान में रखते हुए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने यहां क्षेत्र की पहली शिप रिपेयर सुविधा विकसित करने की आधारशिला रखी। यह परियोजना क्षेत्र में शिपिंग और पोत ऑपरेटरों के लिए एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि यह उनकी परिचालन लागत को काफी कम कर देता है। हम लॉजिस्टिक संचालन के लिए सुगम और तेज पहुंच के लिए एनएच 27 से जुड़ने के लिए पांडु बंदरगाह से एक एलिवेटेड रोड कॉरिडोर का निर्माण भी कर रहे हैं। ये परियोजनाएं क्षेत्र के व्यापार और व्यापारिक हितों के लिए मूल्य के गुणक के रूप में पांडु मल्टी मॉडल पोर्ट के प्रस्ताव को बढ़ाएंगी। मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि केंद्र सरकार ने माजुली पुल पर निर्माण कार्य को तेज करने के लिए कदम उठाए हैं क्योंकि हमने परियोजना के तेज और गुणवत्तापूर्ण निर्माण और पूरा होने के लिए दिशा को सही करने के लिए समीक्षा और कदम उठाए हैं, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अकेले असम में ही 760 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। जल संसाधन मंत्रालय ब्रह्मपुत्र के किनारे नदी पर्यटन और जल क्रीड़ा का भी विकास कर रहा है, जिसके तहत ओरियमघाट, भूपेन हजारिका सेतु, तेजपुर में कोलियाभोम ओरा ब्रिज, बोगीबील ब्रिज, दिखो मुख, कलोंगमुख और गुवाहाटी में उजानबाजार में सात पर्यटक जेटी का निर्माण किया जाएगा।

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 90 | गुवाहाटी | मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

वडोदरा में सी-295 का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को... पेज 4
उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौत... पेज 7
हस्तशिल्पियों के हुनर ब्रांड अंबेसडर प्रधानमंत्री मोदी-मुख्यमंत्री योगी ... पेज 8
ईवीएम जैसी निर्जीव चीज का बहाना लेती है कांग्रेस : ओमप्रकाश धनखड़ पेज 10




**सुप्रभात**

*अन्न के सिवाय कोई दूसरा धन नहीं है।*

– आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### दिवाली : 1 नवंबर को कामरूप (मेट्रो) में स्थानीय अवकाश घोषित

**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने दिवाली के अवसर पर 1 नवंबर को कामरूप (मेट्रो) जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इसके अलावा, अधिकारियों द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि कामरूप (मेट्रो) के भीतर सभी वित्तीय -शेष पृष्ठ दस पर

### चाय बागानों की जमीन पर अवैध आवासों के खिलाफ सरकार सख्त

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अपने मिशन बशुंधरा 3 पहल के तहत चाय बागानों की जमीन पर अवैध आवासों से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इस कदम का उद्देश्य 31 दिसंबर, 2022 से पहले इन जमीनों पर रहने वाले स्वदेशी -शेष पृष्ठ दस पर

# बदलाव के साथ 2025 से शुरू होगी जनगणना



**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो हर 10 साल में होती है। यह प्रक्रिया न केवल देश की जनसंख्या के आंकड़े प्रदान करती है, बल्कि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक निर्णयों के लिए भी आधार तैयार करती है। अब इस प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, 2025 में नई जनगणना की शुरुआत होगी, जो एक वर्ष तक चलेगी और 2026 में पूरी होगी। इसके बाद अगली जनगणना 2035 में होगी, और फिर यह चक्र 2045, 2055 तक जारी रहेगा। जनगणना 2021 में होने की योजना थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टालना पड़ा। जब महामारी की लहरों ने देश को प्रभावित किया, तब जनगणना कार्य को स्थगित करना आवश्यक हो गया। अब, नई समय-सारणी के अनुसार, लोगों को हर दशक के पहले वर्ष में जनगणना नहीं करानी पड़ेगी। पिछले समय में, जनगणना दशक की शुरुआत में होती थी, जैसे 1991, 2001, और 2011 में। नए चक्र के अनुसार, अब यह अगले वर्ष 2025 से शुरू होकर 2035 में होगी। जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन भी होगा। परिसीमन का अर्थ है कि जनसंख्या के आधार पर चुनावी क्षेत्र को पुनर्निर्धारित करना। यह प्रक्रिया 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर क्षेत्र को उसकी जनसंख्या के अनुसार सही प्रतिनिधित्व मिले। इससे चुनावी प्रक्रिया में न्याय और समानता सुनिश्चित होती है। कई विपक्षी दलों की तरफ से जातिगत जनगणना की मांग उठाई जा रही है। इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। जातिगत जनगणना का मतलब है कि जनसंख्या को जाति के आधार पर विभाजित किया जाए, जिससे यह पता चले कि विभिन्न जातियों का क्या अनुपात है। इससे आरक्षण और अन्य सुविधाओं के लिए विशेष योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। इस बार, जनगणना में लोगों से यह भी पूछा जा सकता है कि वे किस संप्रदाय के अनुयायी हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक में सामान्य वर्ग में आने वाले लिंगायत स्वयं को एक अलग संप्रदाय मानते हैं। इसी तरह, अनुसूचित जाति में वाल्मीकि, रविदासी जैसे विभिन्न संप्रदाय हैं। इससे यह स्पष्ट होगा -शेष पृष्ठ दस पर

# झारखंड में बढ़ी मुस्लिम आबादी, एनआरसी लागू करेगी भाजपा सरकार : हिमंत



**रांची / दुमका।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में मुस्लिम आबादी बढ़ रही है और आदिवासी आबादी घट रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मुस्लिम आबादी बढ़ने का कारण घुसपैठ है। हिमंत ने कहा कि मैं घुसपैठियों के खिलाफ आग लगाता हूं। हनुमान जी ने भी लंका में आग लगाई थी। हमें घुसपैठियों के खिलाफ आग लगानी है और झारखंड को स्वर्णभूमि बनाना है। असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि संथाल परगना में आदिवासी आबादी कम हो रही है और मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। हर मुसलमान घुसपैठिया -शेष पृष्ठ दस पर

## प्रधानमंत्री कल वितरित करेंगे 51 हजार नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रात: 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के सार्थक अवसर प्रदान करके सशक्त बनाएगा।

# झामुमो में शहीदों के वंशजों का होता है अपमान : हिमंत विश्व



**रांची (हि.स.)।** झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिया जाता है। कांग्रेस परिवार और चाटुकारों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्तें हैं। कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए। उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने -शेष पृष्ठ दस पर

# बांग्लादेश में हिन्दू पलायन नहीं पराक्रम के साथ खड़ा है : सुरेंद्र जैन




**गुवाहाटी (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिन्दू समाज बहुसंख्यक था, आज दयनीय स्थिति में है। हालांकि, अत्याचारों के बावजूद हिन्दू रो नहीं रहा है, संकल्प लिया है, पलायन नहीं पराक्रम के साथ खड़ा है। जहां हिन्दू घटेगा वहां क्या होगा, इसको बांग्लादेश को देखकर समझा जा सकता है। आज हिन्दू निशाने पर है। ये बातें सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने गुवाहाटी के उलुबारी, बरठाकुर मिल रोड स्थित विहिप मुख्यालय पांचजन्य भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुई कही। सुरेंद्र जैन ने कहा कि बांग्लादेश के हिन्दू संगठनों के आह्वान पर हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। अगर वहां पर हिन्दू समाज परेशानी में होता है तो सूचना मिलते ही हम भारत सरकार के साथ कोआर्डिनेट कर -शेष पृष्ठ दस पर

## दिवाली से पहले पंजाब में धमाका फैली सनसनी

**चंडीगढ़।** पंजाब में बड़ा धमाका होने की सूचना प्राप्त हुई है। मिली खबर के अनुसार मानसा में पेट्रोल पंप के बाहर धमाका हो गया। बताया जा रहा है कि ये धमाका किसी बम जैसी चीज से हुआ है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मानसा के सिरसा रोड पर मौजूद पेट्रोल पंप के बाहर अचानक से धमाका हो गया। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप के मालिक को कुछ दिन धमकी भरे फोन आ रहे थे। मालिक से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी जा रही थी।

# गांव से लेकर शहर तक दीपावली के लिए सजी दुकानें



**गुवाहाटी (हि.स.)।** दीपक का उत्सव दीपावली अंधेरे पर प्रकाश के जीत का पर्व है। इस पर्व में मिट्टी से बने दिए का पारंपरिक महत्व रहा है। मिट्टी के दीये के बिना इस पर्व का कोई महत्व नहीं रह जाता है। दीपावली और धनतेरस के लिए इन दिनों बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार है। बाजारों में समान खरीदने के लिए लोगों की भी उमड़ पड़ी है। वहीं ग्रामीण इलाकों में प्रकाश के इस उत्सव को सादगी से मनाने के लिए मिट्टी के दीये बिक रहे हैं। गुवाहाटी की सड़कों के किनारे दुकान लगाकर मिट्टी के दीये बिक रहे हैं। सुंदर-सुंदर डिजाइन व रंगों के दीये उपलब्ध हैं। धनतेरस का त्योहार दीपावली के ठीक 2 दिन पहले मनाया जाता है, इस साल धनतेरस का त्योहार 29 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। दिवाली के ठीक पहले धनतेरस के दिन सोना-चांदी के गहने, बर्तन या अन्य कीमती सामान खरीदने का विशेष महत्व बताया जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भी चीज खरीदी जाती है घर में समृद्धि और धन का आगमन करती है। गुवाहाटी के सभी ज्वेलर्स तथा बड़े-बड़े शोरूम धनतेरस के लिए सज गए हैं। आभूषण प्रतिष्ठान इस बार भी अपनी ग्राहकों के लिए भारी छूट के -शेष पृष्ठ दस पर

# अब बिजली कटौती से जल्द मिलेगा छुटकारा

## *अंतरिक्ष में उत्पादन और सैटेलाइट से ट्रांसमिशन की योजना पर हो रहा काम*



**नई दिल्ली।** जरा सी आंधी-बारिश और बिजली गुल... इस समस्या से भारत ही नहीं दुनियाभर के कई देश जूझ रहे हैं। कभी तेज तूफान आता है तो पेड़ों के साथ-साथ बिजली के तार और खंभों को भी उड़ा ले जाता है, लेकिन अब हम कहें कि आपकी इस समस्या का जल्द समाधान होने वाला है तो क्या आप यकीन करेंगे? मौसम कोई भी हो लेकिन बिजली हमेशा रहेगी... 24 घंटे, 365 दिन। दरअसल वैज्ञानिकों ने इस असंभव से दिखने वाले काम को संभव बनाने का काम शुरू कर दिया है। सूर्य की किरणें हम तक तभी पहुंच पाती हैं जब मौसम साफ हो लेकिन अंतरिक्ष में सूर्य की रोशनी या कहें सौर ऊर्जा हमेशा उपलब्ध होता है। ऐसे में वैज्ञानिक अब अंतरिक्ष में ही बिजली बनाकर धरती पर डायरेक्ट ट्रांसमिशन की योजना पर काम कर रहे हैं। वैसे तो अंतरिक्ष से बिजली सप्लाई की दिशा में अमेरिका, जापान समेत यूरोप के कई देश जुटे हैं लेकिन हाल ही में ब्रिटेन की एक स्टार्ट अप फर्म ने 2030 तक इसकी शुरुआत करने का दावा किया है। ब्रिटेन के स्पेस सोलर फर्म का मकसद स्पेस सोलर के जरिए अफोर्डेबल, स्केलेबल -शेष पृष्ठ दस पर



# वडोदरा में सी-295 का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के वडोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दशार्ता है। उन्होंने कहा, "टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन संबंधों और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को मजबूत करेगी।" इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैकटरी न केवल भारत और स्पेन के संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा का इस महीने की शुरूआत में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्नकुछ समय पहले, हमने देश के बेटे रतन टाटा को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते, तो उन्हें बहुत खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी। उन्होंने कहा कि यह कारखाना नए भारत की कार्य संस्कृति को दशार्ता है। यह दिखाता है कि भारत किस गति से काम कर रहा है। कारखाने का काम दो साल पहले अक्टूबर में शुरू हुआ था, और अब इसका उद्घाटन हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में अनावश्यक देरी नहीं होने पर जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान हमेशा योजना और निष्पादन के समय को कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री को रिकार्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। यहां बने विमान को दूसरे देशों को भी भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयां छू रहा है। 10 साल पहले अगर हमने ठोस कदम नहीं उठाए होते, तो आज इस मंजिल पर पहुंचना असंभव ही था। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए डिफेंस स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करते हैं। आज हम देश में स्किल और जॉब क्रिएशन पर फोकस कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्टरी से हजारों जॉब्स पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी सम्भावना को समृद्धि में बदलने के लिए सही योजना और सही साझेदारी जरूरी है। भारत के रक्षा क्षेत्र का कायाकल्प इसका उदाहरण है। बीते दशक में देश ने अनेक ऐसे फैसले लिए जिससे भारत में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वे आज के कार्यक्रम को परिवहन विमान के निर्माण से कहीं आगे तक देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि और परिवर्तन देखा गया है। हम पहले से ही भारत को विमानन केंद्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र भविष्य में मेड इन इंडिया नागरिक विमानों का मार्ग प्रशस्त करेगा। विभिन्न भारतीय एयरलाइन ने 1200 नए विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं। यह कारखाना भारत और दुनिया की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए नागरिक विमानों के डिजाइन और निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्पेन में योग भी बहुत लोकप्रिय है। स्पेन का फुटबॉल भी भारत में बहुत पसंद किया जाता है। मोदी ने खुशी जताई कि भारत और स्पेन ने 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई के वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देगी और अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नए दरवाजे खोलेगी। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि कैसे दो कंपनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके विजन की भी जीत है। भारत को एक औद्योगिक महाशक्ति और निवेश तथा व्यापार से व्यापार सहयोग के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाने की आपकी दूरदृष्टि की जीत है।

# एनडीएमसी का सतर्कता जागरुकता सप्ताह शुरू, सचिव ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सचिव कृष्ण मोहन उप्पू ने सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता रखने की शपथ दिलाई। दरअसल, एक लोकसेवक के रूप में सरकारी कामकाज और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के महत्व पर जोर देने के लिए एनडीएमसी 28 अक्टूबर से 03 नवंबर तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मना रही है। इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह का विषय "राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति" है। इसी थीम पर एनडीएमसी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस सप्ताह के तहत एनडीएमसी अपने कर्मचारियों और एनडीएमसी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सक्रिय भागीदारी के साथ एनडीएमसी के विभिन्न विभागों के माध्यम से एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव का आयोजन करेगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग नुक्कड़ नाटक, शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार विरोधी बहस, प्रश्नोत्तरी, ड्राइंग/पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का विद्यालयों में आयोजन करेगा। सिविल और इलेक्ट्रिक विभाग ग्राहक उन्मुख गतिविधियों का आयोजन करके नागरिकों व ग्राहकों और वेंडर्स के लिए भी शिकायत निवारण शिविर आयोजित करेगा।

# सीएजी रिपोर्ट उपराज्यपाल को भेजने की मांग पर दिल्ली हाई कोर्ट आज करेगा सुनवाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता समेत सात भाजपा विधायकों की 2017 से लेकर 2021 तक के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट को उपराज्यपाल को भेजने की मांग पर आज सुनवाई करेगा। सोमवार को भाजपा विधायकों की ओर से पेश वकील ने चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने कल सुनवाई करने का आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि ये सभी सीएजी रिपोर्ट दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के पास लंबित हैं। याचिका दायर करने वालों में विजेंद्र गुप्ता के अलावा मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल वाजपेई और जितेंद्र महाजन शामिल हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वकील नीरज और सत्यरंजन स्वैन ने याचिका में दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि वह सीएजी की रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को भेजें, ताकि उपराज्यपाल इन रिपोर्ट्स को दिल्ली विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। याचिका में कहा गया है कि 2017-2018 से 2021-2022 के बीच शराब, प्रदूषण, वित्तीय मामलों आदि से संबंधित 12 सीएजी रिपोर्ट्स को दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल को नहीं भेजा है। याचिका में कहा गया है कि सीएजी की ये रिपोर्ट्स मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित हैं और उपराज्यपाल के बार-बार अनुरोध के बावजूद इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करने के लिए नहीं भेजा गया है। याचिका में कहा गया है कि इससे पहले भी भाजपा विधायक इस मामले पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष से संपर्क कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर भाजपा विधायकों ने आतिशी मालेर्ना के निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया है। याचिका में दिल्ली सरकार, विधानसभा अध्यक्ष, उपराज्यपाल, सीएजी और दिल्ली के लेखा महानियंत्रक (ऑडिट) को प्रतिवादी बनाया गया है।

# ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 24 अक्टूबर, 2024 को महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित इन संपत्तियों को जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी कहा कि जब्त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, विभिन्न भू-संपत्तियां और मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और और इसके निदेशकों मनोज कुमार जायसवाल और अन्य के परिवार के सदस्यों के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों के नाम पर अर्जित भवन शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कहा कि कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से संपत्तियां, भवन, बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड और शेयर बरामद किए गए हैं। ईडी ने कहा कि इस मामले में अब तक कुल कुर्की यानी जब्ती करीब 727 करोड़ रुपये की हुई है।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने श्री काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दरबार में लगाई हाजिरी



**वाराणसी, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत हाजिरी लगाई और दर्शन पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद बाबा विश्वनाथ और कालभैरव से देश में सुख समृद्धि की मंगलकामना की। बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के बाद इसकी फोटो भी केन्द्रीय मंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की। उन्होंने लिखा कि आज काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन व पूजन करने का सौभाग्य मिला। महादेव का आशीर्वाद सदैव सब पर बना रहे। सभी के जीवन में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना। इसी तरह कालभैरव का दर्श- कर लिखा कि काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उनके आशीर्वाद से सभी का जीवन मंगलमय हो, यही कामना करता हूँ। दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय मंत्री आईआईटी बीएचयू के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। परिसर स्थित स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय मंत्री 53 मेधावियों को मेडल और 7 को विशेष पुरस्कार देंगे। समारोह में 1954 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

# भारत में निर्यात के लिए नहीं हो पा रहे हैं कंटेनर उपलब्ध

## - औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में कंटेनर नहीं



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय निर्यातकों को कंटेनर की समस्या से जूझना पड़ रहा है। चीन से समय पर कंटेनर वापस नहीं आने के कारण भारत का निर्यात व्यापार बुरी तरीके से प्रभावित हो रहा है। भारतीय कंपनियां विदेशों में अपना माल निर्यात नहीं कर पा रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से यही शिकायत पिछले कई महीनो से लगातार बनी हुई है। एक और कंटेनर नहीं मिल रहे हैं। दूसरी और शिपिंग कंपनियों ने भाड़े की दर भी 25 से 50 फीसदी बढ़ा दी है। जिसके कारण भारतीय निर्यातकों के सामने दोहरा संकट खड़ा हो गया है। निर्यातकों को पहले कंटेनर मांग के अनुसार तीन से चार दिन में उपलब्ध हो जाते थे। लेकिन अब दो सप्ताह मे भी उन्हें कंटेनर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिसके कारण कई कंसाइनमेंट का निर्यात नहीं हो पा रहा है। वहीं समय पर सप्लाई नहीं होने के कारण बहुत सारे आर्डर कैंसिल भी हो रहे हैं।

**शिपिंग कंपनियों ने बढ़ाया भाड़ा -** शिपिंग कंपनियों द्वारा 25 से 50 फीसदी किराया बढ़ा दिया गया है। जो कंटेनर पहले 1200 डॉलर किराए पर उपलब्ध हो जाता था। वह अब बढ़कर ढाई हजार से 3000 डॉलर तक हो गया है। भाड़ा बढने के कारण भारतीय निर्यातक निर्यात व्यापार की प्रतिस्पर्धा पर टिक नहीं पा रहे हैं। भारत के निर्यातकों को पिछले कुछ महीनो से हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

**मध्य प्रदेश के मंडीदीप के निर्यातकों को भारी नुकसान(-** मध्य प्रदेश के मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र से लगभग 81 देश में उत्पादित माल का निर्यात होता है। यहां के उद्योगपतियों को 15 दिन तक कंटेनर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिसके कारण निर्यात एकदम से ढप्प हो गया है। यहां हर माह 3000 कंटेनर की कम से कम आवश्यकता होती है। काफी विलंब से मुश्किल से 2000 कंटेनर ही यहां पर मिल पा रहे हैं। वह कंटेनर भी पूरी तरह से काम के नहीं होते हैं। जिसके कारण मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही स्थिति मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों की भी है। कंटेनर नहीं मिलने के कारण निर्यात का काम पूरी तरह से ठप्प पड़ता जा रहा है।

# बीएसएफ महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा चुस्त रखने के दिए निर्देश, तैयारियों का लिया जायजा



**कोलकाता, (हि.स.)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने दक्षिण बंगाल का दौरा किया। यहां उन्होंने सीमा सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सीमा पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी प्रगति को तेज करना था। बीएसएफ की ओर से सोमवार दोपहर को जारी बयान में बताया गया है कि महानिदेशक चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आईसीपी पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल के उद्घाटन में हिस्सा लिया और इस मौके पर सीमा पर सुरक्षा को और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। अमित शाह के दिल्ली लौट जाने के बाद उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमा पर बाड़, चौकियों और सड़कों के निर्माण के लिए जरूरी भूमि अधिग्रहण पर चर्चा हुई। राजरहाट स्थित बीएसएफ मुख्यालय में महानिदेशक चौधरी ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आईजी साउथ बंगाल से ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी ली और जवानों से मुलाकात कर उनके कल्याण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों के स्वास्थ्य, भोजन और रहने की सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष निर्देश जारी किए, ताकि उनका मनोबल ऊंचा रहे। महानिदेशक चौधरी के इस दौरे से स्पष्ट है कि सीमा पार से होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के प्रयासों में बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की भूमिका और भी अहम हो गई है।

# दिल्ली सरकार दिवाली पर लाई 'दीये जलाओ, पटाखे नहीं' अभियान



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि हम आज से 'दीये जलाओ, पटाखे नहीं' अभियान शुरू कर रहे हैं। जिससे की प्रदूषण के स्तर को बढ़ने से कम किया जा सके। गोपाल राय ने बताया कि 'दीये जलाओ, पटाखे नहीं' अभियान से का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना है और दिल्ली की जनता को स्वच्छ वातावरण देना है। गोपाल राय ने बताया कि पर्यावरण विशेषज्ञों ने कहा है कि जिस तरह से पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं और हवा का पैटर्न बदल रहा है, उससे प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है। दिवाली पर प्रदूषण बढ़ेगा। हम जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अधिक सक्रिय बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही हम धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं, ट्रकों को डायवर्ट करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

# राजस्थान में बागियों को मनाने में कांग्रेस और भाजपा के छूट रहे पसीने

## - बागियों को मनाने का काम शीर्ष नेताओं को




**जयपुर,(ईएमएस)।** राजस्थान में उपचुनाव में 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, इसमें अंतिम दिन शुक्रवार को 11 नामांकन दाखिल हुए। कुल 13 नामांकन में से योगेश कुमार शर्मा ने राइट टू रिकॉल पार्टी, राजेंद्र गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी, कस्तूर चंद मीणा ने कांग्रेस से नामाकंन किया। इसके अलावा खुशीराम धाकड़, राम सिंह मीणा, शकील उर रहमान, नरेश कुमार मीणा, ओम प्रकाश केवट, उमाशंकर कहार, जसराम मीणा, रामदेव, प्रहलाद सैनी एवं दिनेश प्रजापत ने अपने नामांकन निर्दलीय के रूप में पेश किए हैं। वहीं कांग्रेस के बागी मीना पर सबकी निगाह है, क्योंकि यदि नरेश अपना पर्चा वापस नहीं लेता है, तब उनके प्रत्याशी के लिए परेशानी हो सकती है। मीना ने नामांकन दाखिल कर चुनाव लड़ने का ऐलान कर अपना प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार नरेश को मनाने के लिए कोशिशें भी शुरू हो गई है और इसके लिए एक बड़े नेता को जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। दोनों पार्टियों के नेताओं ने निर्दलीयों को साधने के लिए जगह-जगह अपने लोगों को भेजा है। साथ ही निर्दलीयों से बातचीत कर रहे हैं, ताकि वह अपने नाम वापस ले सके। वहीं कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के लिए दोनों दलों के नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है।

प्रदेश भाजपा और प्रदेश कांग्रेस की ओर से पर्यवेक्षक लगाने के साथ ही युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को भी प्रचार और अन्य रणनीति बनाने में लगा दिया गया है, ताकि जीत का रास्ता बन सके। इसी तरह भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने भी मोर्चा संभाल लिया है और वे अब प्रचार में जुट रहे है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तब विधायक रहे राजेन्द्र गुर्जर को देवली-उनियारा सीट पर प्रत्याशी बनाया। तब उनके सामने दौसा से सांसद तथा भाजपा से कांग्रेस में आए हरीश मीना थे। चुनाव में हरिशचंद मीना को 95540 तथा राजेन्द्र गुर्जर को 74064 मिले थे। वर्ष 2018 के चुनाव में 10 प्रत्याशी थे। पिछले चुनाव यानी 2023 में भाजपा ने देवली-उनियारा सीट पर राजेन्द्र गुर्जर को टिकट नहीं दिया। उनकी जगह विजय बैंसला को प्रत्याशी बनाया गया।

# अखनूर के बट्टल में आतंकियों ने सेना की एम्बुलेंस पर की गोलीबारी



**जम्मू, (हि.स.)।** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर कई राउंड गोलीबारी की इस फायरिंग में किसी के घायल होने की खबर नही हैं, लेकिन सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में एक आतंकी मारे जाने की खबर है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीमें पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चला रही हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेस पर हमला किया है। अखनूर के बटाल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। क्षेत्र में फिलहाल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी हैं। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान सेना की गई जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारे जाने की खबर है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जम्मू एसएसपी ने कहा कि खबर है कि तीन आतंकवादी जम्मू जिले के अखनूर के अस्सान मंदिर के पास देखे गए। उन्होंने सेना की एम्बुलेंस पर कुछ राउंड फायरिंग की। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। बताया गया कि अखनूर की नियंत्रण रेखा के साथ सटे बट्टल के खोड इलाके में स्थित शिव आसन मंदिर में सुबह सवा सात बजे के करीब तीन आतंकवादियों को देखा गया, जो सेना की वर्दी में थे। तीनों हथियारों से लैस थे। आंतकवादियों ने पहले मंदिर में ट्यूशन पढ़ने आए तीन छात्रों को बंदी बना लिया, लेकिन कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया। इन तीनों आंतकवादियों को ट्यूशन सेंटर चला रहे एक मास्टर ने भी देखा। उसने बताया कि वह मंदिर के गेट पर था। जब उसने आतंकियों को देखा तो वह वापस चला गया।

# दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के बाद कचरे से पटा दिल्ली का जेएलएन स्टेडियम

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत में खेलों के लिए पवित्र स्थल माना जाने वाला जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हाल ही में पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ के दो दिवसीय दिल-लुमिनाती संगीत कार्यक्रम के बाद विवाद के केंद्र में आ गया, जब ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बेअंत सिंह ने कार्यक्रम स्थल की अव्यवस्था की तस्वीरें पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी निराशा व्यक्त की। सप्ताहांत में आयोजित इस कॉन्सर्ट में हर रात लगभग 35,000 प्रशंसक आए, लेकिन स्टेडियम, जो आमतौर पर खेलों के लिए आरक्षित होता है, कार्यक्रम के बाद गंदगी की स्थिति में छोड़ दिया गया। सिंह द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, स्टेडियम का ट्रैक और फील्ड क्षेत्र कचरे, शराब के कंटेनरों और क्षतिग्रस्त एथलेटिक उपकरणों से अटा पड़ा था। सिंह ने इंस्टाग्राम पर साझा किया, "यह वह जगह है जहाँ एथलीट प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन यहाँ लोगों ने शराब पी और पार्टी की। इसके लिए स्टेडियम को कल तक के लिए बंद कर दिया गया था। एथलेटिक्स उपकरण तोड़कर किनारे फेंक दिए गए हैं।" इंडियन सुपर लीग की टीम पंजाब एफसी, जो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को अपने घरेलू मैदान के रूप में भी इस्तेमाल करती है, अब कॉन्सर्ट के बाद हुए गंदगी को साफ करवा रही है क्योंकि वह गुरुवार रात को चेन्नईयिन एफसी का सामना करने की तैयारी कर रही है। पंजाब एफसी वर्तमान में आईएसएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, टीम को उम्मीद थी कि उन्हें बढ़त दिलाने के लिए एक साफ-सुथरी पिच होगी। इसके बजाय, खिलाड़ियों और कर्मचारियों को मलबे का सामना करना पड़ा और स्टेडियम के कर्मचारियों को समय पर मैदान को बहाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

# पहली बार पंकज को तस्वीर में देखा था पत्नी मृदुला ने

**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी की पत्नी मृदुला ने खुलासा किया कि उन्होंने पहली बार पंकज को एक तस्वीर में देखा था। यह तस्वीर उनके भाई की शादी के लिए थी, जिसमें पंकज अपने परिवार के साथ नजर आए थे। हाल ही में एक दिलचस्प बातचीत में अपने और पंकज के पहले प्यार की कहानी साझा की। फिल्म निमार्ता अतुल तैशेते के साथ इस बातचीत में मृदुला ने बताया कि कैसे उनका प्यार 1993 में शुरू हुआ और दोनों ने 2004 में शादी की। मृदुला ने कहा, मैंने पंकज को 23 मई 1993 को पहली बार देखा। इससे पहले हमने एक-दूसरे को तस्वीरों में देखा था। उस समय मैं नौवीं कक्षा में थी और वह ग्यारहवीं में थे। उन्होंने आगे बताया, मैंने उस तस्वीर को अपने बैग में रख लिया और स्कूल ले गई। मेरी दोस्त मुझे चिढ़ाने लगीं, कहने लगीं कि छोटा भाई तुम्हारे साथ अच्छा लगेगा। पंकज और मृदुला की मुलाकात तब हुई जब वह अपने भाई के तिलक समारोह में



शामिल हुई थीं। मृदुला ने मजाक करते हुए कहा, मैंने पंकज को तब देखा था जब उनकी दाढ़ी आनी शुरू हुई थी और अब जब वह चश्मा पहने हुए हैं। यह एक लंबा सफर रहा है। मृदुला ने यह भी बताया कि उनकी प्रेम कहानी में रुमाल का एक खास रोल था। हम दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे और मिलने के लिए बहाने ढूंढने लगे। हाथ धोने के बाद रुमाल मांगा जाता था, और इसी बहाने हमारी बातचीत शुरू हुई। मृदुला ने कहा कि वह हमेशा पंकज को आप कहती थीं, क्योंकि उनकी मां चाहती थीं कि वह उन्हें भैया बुलाएं। उन्होंने कहा, मुझे दुविधा थी कि मैं उन्हें भैया नहीं कह सकती थी। मैंने कभी भी उन्हें पंकज नहीं कहा। मैं आज भी उन्हें पति कहकर बुलाती हूं।पंकज और मृदुला की एक बेटी है, जिसका नाम आशी है। मृदुला ने बताया कि जब पंकज कोलकाता आते थे, तो वह जानबूझकर उनके पैर छूते थे, जो उनकी शरारती और मासूमियत को दर्शाता है। मृदुला ने इस बात का भी खुलासा किया कि उन्होंने ही पंकज से शादी करने की गुजारिश की थी, जब वह एनएसडी में पढ़ाई कर रहे थे।

# मैं किसी को जज नहीं करती : कृति सेनन

**मुंबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट के बोटोक्स कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर गमार्ये मुद्दे के बीच बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने कहा -मैं किसी को जज नहीं करती सबका अपना-अपना तरीका है। ताजा इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जो लोग कॉस्मेटिक सर्जरी करवाते हैं उन्हें वो जज नहीं करतीं हैं लेकिन वह ये भी नहीं चाहतीं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करने लगें। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर आप अपनी बॉडी का कोई अंग बदलकर कॉन्फिडेंट महसूस कर रहे हैं तो ये आप पर है। ये आपका डिसीजन होना चाहिए। फिर आपके इस फैसले के साथ जो बी हो आपको वो फेस करना पड़ेगा। ये आपकी लाइफ है, आपकी बॉडी है, आपका फेस है। मैं इसका जजमेंट नहीं करती। लेकिन हां, मैं ये भी नहीं चाहती कि यंग लड़कियां हमेशा से सुंदर दिखने का प्रेशर फील करें।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कोई भी हर समय परफेक्ट नहीं दिख सकता। मैं भी कई बार नहीं दिखती। अगर आप ऐसे पेशे में हैं तो आपका एक हिस्सा हमेशा अच्छा दिखना चाहिए। जहां एक पिंपल उन्हें कुछ समय के लिए दुखी कर सकता है लेकिन



यह उसे उस हद तक असुरक्षित नहीं बनाता है जहां उन्हें कुछ बदलने की जरूरत महसूस हो। कृति ने कहा, अगर आप नेचुरली खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मैं यही कहूंगी कि अपनी सेहत, खान-पान और मानसिक स्थिति का ख्याल रखे। ये बहुत ज्यादा जरूरी है। हम अपनी मेंटल हेल्थ के साथ जो कुछ करते हैं वो हमारे फेस पर भी दिखता है। आपका अच्छा रहना इस पर डिपेंड करता है कि आप अपना कैसे ख्याल रख रहे हैं। काम की बात करें तो कृति सेनन इन दिनों हालिया रिलीज हुई फिल्म दो पत्ती को लेकर खूब चर्चा में हैं।

# एलेक्शी गुप्ता ने अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा

**मुंबई (ईएमएस)** । अभिनेत्री एलेक्शी गुप्ता ने अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा है। इस बारे में बात करते हुए एलेक्शी गुप्ता ने कहा, टीवी शो में काम करना हमेशा से मेरा सपना था, लेकिन यह आसान नहीं है। फिल्मों में, आपके पास किरदार की तैयारी के लिए समय होता है, दृश्यों का अभ्यास कर सकते हैं, और अपनी परफॉर्मेंस को संवार सकते हैं। लेकिन टेलीविजन में गति बहुत तेज होती है। मुझे हर दिन 13 घंटे लगातार शूट करना पड़ता है, और कभी-कभी स्क्रिप्ट उसी दिन दी जाती है, जिसे मुझे तुरंत याद करना होता है।हालांकि, यह व्यस्त शेड्यूल उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है, एलेक्शी इस अवसर को लेकर आभारी हैं, जिसने उन्हें एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा, इसने मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर धकेला और मेरी एक्टिंग का ग्राफ बढ़ाया। मेरे किरदार का परिवार में सकारात्मकता फैलाने का मकसद है, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और यही वजह है कि मैंने इस भूमिका को



स्वीकार किया। अपने किरदार साक्षी के माध्यम से, एलेक्शी सकारात्मक प्रभाव लाने की कोशिश कर रही हैं, जहाँ उन्हें प्रेरणादायक कहानियाँ पढ़ने और भावनात्मक पत्रों का उत्तर देने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया, फिल्मों में समय की एक विलासिता होती है, जो टीवी में नहीं होती। यह तेज और कठोर है, लेकिन इसने मुझे दृढ़ता सिखाई है। मैं उन सभी अभिनेताओं को सलाम करती हूँ जो वर्षों से टीवी में काम कर रहे हैं। यह उतना आसान नहीं है जितना लगता है। एलेक्शी ने अपने करियर को संतुलित करने की उम्मीद जताई और बताया कि वह फिलहाल अपने टीवी शो के साथ-साथ अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म वीर मुरारबाजी पर भी काम कर रही हैं, जो अगले साल रिलीज होने वाली है।उन्होंने कहा, इस भूमिका के माध्यम से मैं दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहती हूँ। एलेक्शी ने बॉलीवुड और टेलीविजन में काम करने के बीच की भिन्नताओं पर भी चर्चा की।

# स्टेज पर गिरीं विद्या बालन

कार्तिक आर्यन की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में विद्या बालन 17 साल बाद मंजुलिका के रूप में वापसी कर रही हैं। हाल ही में, फिल्म के लोकप्रिय गाने आमी जे तोमार का लॉन्च मुंबई में एक इवेंट में हुआ। इस मौके पर विद्या बालन ने एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ स्टेज शेयर किया। इवेंट के दौरान विद्या का पांव अचानक साड़ी में फंस गया और वह स्टेज पर गिर गईं, लेकिन उन्होंने अपने डांस को जारी रखा। उनका आत्मविश्वास और परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्या ने कहा, माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए सम्मान की बात



है। गाने को श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है, और इसे चिन्नी प्रकाश ने कोरियोग्राफ किया है। भूल भुलैया 3 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, और इसका मुकाबला रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन से होगा, जिसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे शामिल हैं। दर्शकों को इन दोनों फिल्मों का इंतजार है।

# फिल्म की सफलता से अली फजल और ऋचा चड्ढा बेहद खुश

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड कपल अली फजल और ऋचा चड्ढा इस समय अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की अंतरराष्ट्रीय सफलता को लेकर बेहद खुश हैं। फिल्म की सफलता पर ऋचा चड्ढा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मामी में इन पुरस्कारों को जीतना हमारे लिए घर वापसी जैसा लगता है। इस फिल्म ने मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2024 में कुल 4 अवॉर्ड्स जीते हैं, जो कि उनके लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अंतरराष्ट्रीय समारोहों में गर्ल्स विल बी गर्ल्स की अविश्वसनीय यात्रा के बाद, इस तरह से फिल्म को पसंद किया जाना वास्तव में दिल को छू लेने वाला है। कानी कुश्रुति, प्रीति पाणिग्रही, केसव बेनॉय किरण और जितिन गुलाटी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया है, और अली और मैं गर्ल्स विल बी के साथ जो हासिल हुआ, उस पर बहुत गर्व महसूस कर



रहे हैं। लड़कियाँ इस बात से रोमांचित हैं कि इसे वह पहचान मिल रही है, जिसकी यह हकदार है। अली फजल ने भी अपने विचार साझा किए और कहा, इन जीतों को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि फिल्म को विशेष रूप से लिंग श्रेणी में मान्यता मिली थी। एक पुरुष और एक सिनेप्रेमी के रूप में मैं महिलाओं द्वारा बताई गई महिलाओं के बारे में इन कहानियों को देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ये कहानियाँ दर्शकों की विस्तृत श्रृंखला के साथ गहन तरीके से प्रतिध्वनित हो रही हैं। हम इस सफलता का श्रेय अपनी अविश्वसनीय टीम को देते हैं। शुचि के निर्देशन ने कहानी को बेहद खूबसूरत तरीके से जीवंत कर दिया।ह्व गर्ल्स विल बी गर्ल्स एक संवेदनशील फिल्म है, जो ब्लिंक डिजिटल और डोल्से वीटा फिल्म्स के सहयोग से ऋचा चड्ढा और अली फजल के संयुक्त उद्यम पुशिंग बटन स्टूडियो के तहत निर्मित है।

# अनुपमा की लाडली मुस्कान हुई शो से बाहर

हाल ही में बिग बॉस 18 शो से हेमा शर्मा को बाहर किया गया। अब अनुपमा की लाडली बेटी मुस्कान बामने, शो से बाहर हो गई हैं। हाल ही में, बिग बॉस ने सभी घरवालों को लिविंग एरिया में बुलाया और उन्हें तीन कंटेस्टेंट्स में से एक की एक्सपाइरी डेट बताने को कहा। ये तीन कंटेस्टेंट थेः सारा, तजिंदर, और मुस्कान। घरवालों को आदेश दिया गया कि वे किन्हें एविक्ट करना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में, करण ने मुस्कान के माथे पर स्टीकर चिपकाते हुए कहा कि वह ज्यादातर लॉस्ट हैं। वहीं, एलिस ने तजिंदर को चुना और कहा कि उनकी ग्रोथ नहीं हुई है। चाहत पांडे ने मुस्कान का कोई स्टैंड न होने की बात कही, जबकि अविनाश ने सारा को वोट दिया। विवियन ने भी




तजिंदर को वोट दिया, यह कहते हुए कि उनकी ओपिनियन आती है लेकिन सुनाई नहीं देती। इस वोटिंग प्रक्रिया में मुस्कान को सबसे ज्यादा वोट मिले, जिससे वह शो से एविक्ट हो गईं। यह एलिमिनेशन शो के प्रशंसकों के लिए एक बड़ा आश्चर्य है, क्योंकि मुस्कान ने अपनी उपस्थिति से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया था। उनकी खेल शैली और व्यक्तित्व ने उन्हें कई दर्शकों का प्रिय बना दिया था।

# गोल्डन साड़ी में शानदार तस्वीरें शेयर की पूजा हेगड़े ने

**मुंबई (ईएमएस)** । हाल ही में अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने एक खूबसूरत और चमकदार गोल्डन साड़ी में अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने 22 अक्टूबर को मुंबई में अपने घर पर एक शानदार दिवाली पार्टी का आयोजन किया, जो सितारों से सजी हुई थी। पूजा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, इस साल दिवाली का मौसम जल्दी शुरू हो रहा है।तस्वीरों में पूजा राधे श्याम के स्टार के रूप में नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने शानदार आइवरी गोल्ड-एम्बेलिश्ड साड़ी पहनी है।

साड़ी को स्टाइलिश चमकदार ब्लाउज के साथ पेयर किया गया है, और उन्होंने अपने लुक को स्टेटमेंट नेकलेस और चंकी चूड़ियों के साथ पूरा किया। उनके मेकअप में न्यूनतम ग्लैम का चयन किया गया, जो उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहा। मनीष की दिवाली पार्टी में कई मशहूर सितारे भी शामिल हुए, जिनमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, शाहिद कपूर, मीरा राजपूत, वरुण धवन, नताशा दलाल,



करण जौहर, श्रद्धा कपूर, वेदांग रैना, खुशी कपूर, जान्हवी कपूर, तृप्ति डिमरी, तमन्ना भाटिया और अर्जुन कपूर शामिल थे। वर्कफ्रंट की बात करें, तो पूजा हेगड़े जल्द ही रोशन एंड्रयूज की एक्शन थ्रिलर देवा में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इस फिल्म का पहला लुक इस साल जुलाई में जारी किया गया था। मेकर्स ने इसकी रिलीज की तारीख भी तय कर दी है, जो 14 फरवरी 2025 को होगी। फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं, और इसका लेखन और निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज ने किया है। इसके अलावा, पूजा थलपति 69 में विजय और बॉबी देओल के साथ भी नजर आएंगी। इस फिल्म में गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियामणि, ममिता बैजू और मोनिशा ब्लेसी जैसे सितारे सहायक भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# अजय देवगन की नई फिल्म 'नाम' की घोषणा

एक्शन स्टार अजय देवगन और निर्देशक अनीस बज्मी एक बड़े एक्शन एंटरटेनर के लिए टीम बना रहे हैं। जबकि अजय देवगन 'सिंघम अगेन' की रिलीज के लिए तैयार हो रहे हैं और अनीस बज्मी 'भूल भुलैया 3' के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस जोड़ी ने अपने फैंस और दर्शकों को नई एक्शन स्पेक्टेकल 'नाम' की घोषणा करके चौंका दिया है। निमार्ताओं ने आधिकारिक पोस्टर शेयर कर घोषणा की। इसने दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। अजय देवगन के दमदार अभिनय और अनीस बज्मी की कहानी कहने की कला का मेल दर्शकों के लिए एक बेहतरीन अनुभव लेकर आएगा। 'नाम' 22 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी। पहले पोस्टर ने फिल्म की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। अजय देवगन का एक्शन ड्रामा में होना हमेशा दर्शकों के लिए एक बड़ा आकर्षण होता है। अगर ये फिल्म




उच्च-ऑक्टेन एक्शन से भरी होगी तो, निश्चित रूप से इसमें कई दिलचस्प मोड़ और रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। अनीस बज्मी का निर्देशन और अजय देवगन की परफॉर्मेंस मिलकर एक बेहतरीन अनुभव देने की उम्मीद है। अजय देवगन, जिन्हें मास महाराजा के नाम से भी जाना जाता है और जिनकी मजबूत परफॉर्मेंस के लिए उनकी सराहना की जाती है। फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया और साजिद वाजिद द्वारा कंपोज्ड किया गया है।

# फेनिल उमरीगर बनी दुल्हन

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं की पीहू यानि फेनिल उमरीगर ने हाल ही में अपने लंबे समय के ब्वॉयफ्रेंड गुरप्रताप धालीवाल के साथ हिंदू और पंजाबी रीति-रिवाज से शादी कर ली। फेनिल ने हिंदू वेडिंग में सुर्ख लाल लहंगा पहना, जबकि पंजाबी शादी के लिए उन्होंने खूबसूरत रानी गुलाबी लहंगा चुना। आनंद कारज की रस्म के दौरान, उन्होंने पारंपरिक पंजाबी दुल्हन का रूप धारण किया, जिसमें उनके लुक को भारी कढ़ाई वाले लहंगे और पारदर्शी दुपट्टे ने खास बनाया। उनके लुक को लाल और सफेद चूड़े और बालों में परांदा पहनकर पूरा किया गया। दूल्हे गुरप्रताप ने क्रीम रंग की शेरवानी और हल्के गुलाबी रंग की पगड़ी पहनी, जिसे उन्होंने मोतियों और सुनहरे मोतियों के भारी हार के साथ स्टाइल किया।

# साई पल्लवी के बयान ने मचाया हंगामा

साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी इन दिनों नितेश तिवारी की रामायण को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह माता सीता का किरदार निभाने वाली हैं। हाल ही में, फिल्म का उनका पहला लुक ऑनलाइन लीक होने के बाद फैंस में उत्साह की लहर है। लेकिन इसी बीच, एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें साई पल्लवी पाकिस्तान को लेकर कुछ विवादास्पद टिप्पणी करती नजर आ रही हैं। वीडियो में, साई पल्लवी कहती हैं, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं कि हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए वे नहीं हैं। मैं इस हिंसा को नहीं समझती। यह क्लिप जनवरी 2022 में हुए एक इंटरव्यू से है। जैसे ही यह वीडियो फिर से सामने आया, नेटिजंस ने साई पल्लवी की टिप्पणियों के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। कुछ यूजर्स ने सवाल उठाया कि क्या भारत ने कभी अन्य देशों पर आक्रमण किया है,



जबकि भारतीय सैनिक हमेशा अपने देश की रक्षा के लिए खड़े रहे हैं। एक यूजर ने तो उन्हें कट्टरपंथी करार देते हुए कहा कि साई को समझना चाहिए कि भारतीय सेना देश की रक्षा करती है, न कि निर्दोष लोगों को नुकसान पहुँचाने के लिए।

## सूडोकु नवताल- 6957

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6956 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7704

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | स | दौ | जॉ | न | अ | ब्रा | ह | म | ल्ली | क |
| ग | ह | ह | ग | ला | अ | जै | जी | ग | झ | क |
| स | क | रु | म | ह | झ | की | ना | ण | घ | को |
| ल | इ | ल | ख | हैं | प | श्रॉ | ला | र | ला | न |
| मा | श्क | ल | प | खा | रा | फ | गी | ण | ग | म |
| न | दा | ल | श | सं | न | ही | रं | व | ला | स |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | न्नी |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | ब | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

*शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकीश्रॉफ .

### शब्दजाल - 7703 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ही | त्म | ली | अ | ल | बे | ला | प | दे |
| क | अ | अ | रो | त | अ | ला | र | न | र | जू |
| आ | स | शौ | क | ही | न | भि | द | गू | जू | वत |
| गे | अ | की | आ | र | रा | गु | अं | प | दे | ल |
| की | अ | न | त | अ | ला | ला | न | श | मा | क |
| सो | चा | ल | बा | ज | न | द | ल | ल | व | त |
| च | अ | सौ | र | जा | ला | गु | गो | प | दे | आ |
| ह | पु | मो | व | दो | वा | द | ह | झू | वी | ग |
| क | ष्प | ह | व | प | जा | द | व | प | र | र |
| र | क | ब्ब | फा | प | स | सू | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | स | गा | ह | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6657

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 4 | | | 5 | 3 |
| 7 | 26 | | 31 | 2 | 36 | 4 |
| | 5 | 1 | | | 7 | |
| 6 | 32 | | 29 | | 37 | 6 |
| 2 | 3 | | 4 | 1 | | |
| | 34 | 3 | 36 | 5 | 32 | |
| | 5 | 7 | | | 2 | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6656 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 35 | 3 | 31 | 5 | 27 | 1 |
| 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 31 | 6 | 40 | 2 | 30 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 6 |
| 1 | 27 | 4 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

संपादकीय

# खाद्य तेल के विरोधाभास

दीपावली के त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों में खूब उबाल आया है। यह चुनाव का मौसम भी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी है। इसी दौरान महंगाई का मुद्दा एक बार फिर गरमा उठा है। 'महंगाई डायन खाए जात हो' वाला गीत पहले भी प्रासंगिक था और अब मौजूदा सरकार के दौरान भी मौजू है। एक महीने के दौरान ही ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों और मूंगफली के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ये सभी रोजाना के इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। वे औसतन 58 फीसदी महंगे हुए हैं। बीते माह सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5.5 फीसदी थी, जो 9 महीनों में सर्वाधिक थी। खाद्य तेलों की महंगाई भी मुद्रास्फीति से जुड़ी है अथवा यह मुनाफाखोरी, जमाखोरी या कालाबाजारी की महंगाई है! अजीब विरोधाभास है कि भारत दलहन और तिलहन का बड़ा उत्पादक देश है। सरसों, सोयाबीन, ताड़ आदि की फसलें पर्याप्त हुई हैं। उसके बावजूद भारत को 65 फीसदी खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। यह मोदी सरकार का ही विरोधाभास नहीं है। मौजूदा सरकार से पहले भी हमें 58 फीसदी खाद्य तेल आयात करना पड़ता था। यह विरोधाभास इसलिए है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी अधिक तिलहन, दलहन की पैदावार का आह्वान करते रहे हैं, किसानों ने अधिक पैदावार की भी है, लेकिन सरकार 10-20 फीसदी फसल की ही खरीद करती है। ऐसा क्यों है? सवाल यह भी है कि भारत ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश क्यों नहीं की? भारत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बना भी है और कइयों में ऐसे प्रयास जारी हैं, लेकिन किसानों की फसल खरीद में अलग-अलग मापदंड हैं। खाद्य तेल घरेलू भोजन का आधार हैं, तो होटल, रेस्तरां, ढाबों और मिठाई की दुकानों की भी बुनियादी जरूरत हैं। उनके यहां खाद्य तेल की खपत खूब होती है, क्योंकि तेल से ही विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं। अब बीते एक माह के दौरान ही सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल 23 फीसदी प्रति महंगे हुए हैं। गनीमत है कि मूंगफली के तेल की कीमतें मात्र 4 फीसदी ही बढ़ी हैं। जाहिर है कि घरेलू और व्यवसायों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। तेल से बनने वाले व्यंजन या सामान्य भोजन अथवा स्नैक्स आदि सभी महंगे होंगे। क्या आम आदमी इस महंगाई को झेल सकता है? भारत ऐसा देश है, जिसमें आर्थिक आकलन किया गया था कि जिनकी औसतन आय 25,000 रुपए माहवार है, वे देश की सम्पन्न जमात में आते हैं। ऐसी मात्र 10 फीसदी आबादी है। इसके मायने हैं कि देश की अधिकतर आबादी गरीब है, क्योंकि उसकी आमदनी 25,000 रुपए से कम है। क्या ऐसा देश 181 रुपए प्रति लीटर का खाद्य तेल खरीद सकता है और घर की रसोई को 'चिकना' रख सकता है? यह मुद्दा कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लपक लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का आकलन है कि आम आदमी की थाली औसतन 52 फीसदी महंगी हुई है। खडग़े के मुताबिक, टमाटर की कीमत 247 फीसदी, आलू के दाम 180 फीसदी, लहसुन के 128 फीसदी बढ़े हैं। अन्य सब्जियां भी 89 फीसदी महंगी हुई हैं। नमक, खाद्य तेल, आटे के दाम भी बढ़े हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के अर्थशास्त्र के मुताबिक, एक परिवार के लिए दिन में दो थाली भोजन तैयार करने की मासिक लागत 2023 में 3053 रुपए थी। अब 2024 में यह बढक़र 4631 रुपए हो गई है। जाहिर है कि इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा। बीते साल अक्तूबर से लेकर अब तक संतुलित भोजन की कीमतें 52 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि औसत वेतन में 9-10 फीसदी ही वृद्धि होती है। श्रम श्रेणी के लिए यह भी निश्चित नहीं है।

'महंगाई डायन खाए जात हो' वाला गीत पहले भी प्रासंगिक था और अब मौजूदा सरकार के दौरान भी मौजू है। एक महीने के दौरान ही ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों और मूंगफली के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ये सभी रोजाना के इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। वे औसतन 58 फीसदी महंगे हुए हैं। बीते माह सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5 .5 फीसदी थी, जो 9 महीनों में सर्वाधिक थी। खाद्य तेलों की महंगाई भी मुद्रास्फीति से जुड़ी है अथवा यह मुनाफाखोरी, जमाखोरी या कालाबाजारी की महंगाई है! अजीब विरोधाभास है कि भारत दलहन और तिलहन का बड़ा उत्पादक देश है। सरसों, सोयाबीन, ताड़ आदि की फसलें पर्याप्त हुई हैं। उसके बावजूद भारत को 65 फीसदी खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। यह मोदी सरकार का ही विरोधाभास नहीं है। मौजूदा सरकार से पहले भी हमें 58 फीसदी खाद्य तेल आयात करना पड़ता था।

दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

ललित गर्ग

दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती।

दिल्ली हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।

प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से



लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है।

तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया।

इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है।

दृष्टि कोण

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध गढ़े जा रहे है झूठे विमर्श

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं। इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए "माई बॉडी माई चोईस"; "हमको भारत में रहने में डर लगता है"; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान "हिंडनबर्ग" अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुक्सान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है। भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है।

कुछ अलग

# एनिमेशन की दुनिया

बचपन में हर कोई टॉम एंड जैरी, मिकी माउस, नॉडी, ऑसवाल्ड, छोटा भीम, बाल गणेश, मोटू-पतलू, डॉरीमोन इत्यादि एनिमेटेड फिल्में या कार्यक्रम देखना पसंद करता है। टॉम एंड जैरी की उछल-कूद और भागमभाग में तो बच्चों को एक अलग ही मजा आता है। हालांकि केवल बच्चे ही नहीं बल्कि उम्रदराज लोग भी विभिन्न एनिमेटेड कार्यक्रम चाव से देखते हैं। दुनियाभर में आज वैश्विक मनोरंजन के तौर पर हर जगह एनिमेशन का उपयोग किया जाता है। यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें कृत्रिम दृश्यों और घटनाओं को वास्तविक रूप दिया जाता है। दरअसल एनिमेशन में कल्पना से परे एक अलग दुनिया का सृजन किया जाता है। रंग-बिरंगे हंसते-बोलते, नाचते-गाते, खाते-पीते कार्टून चरित्रों और पात्रों की दुनिया ही एनिमेशन की अद्भुत दुनिया है। चुनौतियों और एडवेंचर से भरी एनिमेशन की पूरी दुनिया ही कल्पना और क्रिएटिविटी पर टिकी होती है, जिसमें कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर्स की मदद से अनोखी दुनिया की रचना की जाती है। एनिमेटेड फिल्मों को बनाने तथा एनिमेटेड आर्ट के पीछे कलाकारों, तकनीशियनों और वैज्ञानिकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को पहचानने तथा एनिमेशन की विश्वविख्यात कला के सम्मान के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2002 में एसोसिएशन इंटरनेशनल डु फिल्म डी एनिमेशन द्वारा इस दिन को अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन दिवस घोषित किया गया था। एनिमेशन दिवस के रूप में इसकी शुरुआत यूनेस्को के सदस्य अंतरराष्ट्रीय एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन (आसिफा) द्वारा की गई थी। वास्तव में यह दिन पेरिस में 28 अक्तूबर 1892 को एमिल रेनॉड के थिएटर ऑप्टिक के पहले सार्वजनिक प्रदर्शन का स्मरण कराता है। वर्ष 1895 में लुमिनेयर भाइयों के सिनेमाटोग्राफ ने रेयनॉड के आविष्कार की खोज की और एमिल को दिवालिया कर दिया। एनिमेशन का उनका सार्वजनिक प्रदर्शन कैमरा-निर्मित फिल्मों की भविष्यवाणी करने के साथ ही ऑप्टिकल मनोरंजन के इतिहास में प्रवेश कर गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि पहली बार एनिमेशन कब और कहां जीवन में आया। करीब 200 ईस्वी में छाया कठपुतली से लेकर 1650 के दशक में जादुई लालटेन तक मोशन के माध्यम से कहानी बताना सदा से होता रहा है। वर्ष 1832 में जोसेफ प्लेट्यू द्वारा फेनाकिस्टिकोपे का आविष्कार किया गया था जिससे पहली व्यापक एनिमेशन डिवाइस अस्तित्व में आई। 1834 में विलियम जॉर्ज हॉर्नर ने एक समान मोशन पिक्चर प्रोजेक्टर बनाया, जिसमें ड्राइंग को एक ड्रम के अंदर रखा गया, जो एक सर्कुलर फैशन में बदल गया। हॉर्नर ने इसे 'डेडाटेलम' अथवा 'व्हील ऑफ दि डेविल' नाम दिया, जो सबसे बड़े नवाचारों में से एक था, जिसने फिल्म को पेश करने की नींव रखी। फ्रांसीसी आविष्कारक पियरे डेसविग्नेस ने इसे जोएट्रोप नाम दिया जो ग्रीक भाषा का एक शब्द था, जिसका अर्थ है 'चीजें जो बदल जाती हैं'। स्टॉप मोशन तकनीक का उपयोग करने वाले पहले लोगों में से एक ब्रिटिश फिल्म निर्माता जेम्स स्टुअर्ट ब्लैकटन को अमेरिकी एनिमेशन का जनक माना जाता है, जिन्होंने अमेरिका में पहला एनिमेशन बनाया था। उन्हें वर्ष 1900 में 'एनचैंटेड ड्राइंग' नामक पहली एनिमेटेड फिल्म बनाने का श्रेय प्राप्त है। 1906 में उन्होंने एक मूक एनिमेशन फिल्म 'ह्यूमरस फेसेज ऑफ फनी फेसेज' बनाई। बहरहाल, एनिमेटेड फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नवाचार की जरूरत है, ताकि स्वस्थ मनोरंजन हो।

देश दुनीया से

# सर्वधर्म समभाव और अड़चनें

हिन्दू या सनातन चिंतन परंपरा इसके मूल में है जो स्वभाव से समावेशी और बहुलतावादी है। जिसका मानना है कि 'ईश्वर एक ही है और उसे अपनी अपनी आस्था और समझ के अनुरूप भिन्न भिन्न रूपों में माना जा सकता है।' सनातन परंपरा हजारों वर्षों में विकसित हुई है और विकसित होती जा रही है। यही हिन्दू या सनातन परंपरा की खूबी है कि यह सतत विकासमान है और इसमें नए नए ज्ञान को समावेशित करने की छूट है, क्योंकि इसका विकास ही शास्त्रार्थ और गहन चिंतन से उपजे विभिन्न दर्शनों के आधार पर हुआ है। वर्तमान में इसमें प्राचीनतम जादू टोने वाले समाज के तत्वों से लेकर सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा, और उत्तर मीमांसा के तत्व एक साथ ख़ुशी से पनपते चले आ रहे हैं।

भारतवर्ष एक बहुलतावादी राष्ट्र है, जिस पर बहुत से लोग गर्व महसूस करते हैं। एक समृद्ध, सुखी और शांत राष्ट्र के निर्माण के लिए यह जरूरी तत्व है। किन्तु हमें यह भी समझना होगा कि भारत में इस सहिष्णुता की नींव क्या है, और अड़चनें क्या हैं? हिन्दू या सनातन चिंतन परंपरा इसके मूल में है जो स्वभाव से समावेशी और बहुलतावादी है। जिसका मानना है कि 'ईश्वर एक ही है और उसे अपनी अपनी आस्था और समझ के अनुरूप भिन्न भिन्न रूपों में माना जा सकता है।' सनातन परंपरा हजारों वर्षों में विकसित हुई है और विकसित होती जा रही है। यही हिन्दू या सनातन परंपरा की खूबी है कि यह सतत विकासमान है और इसमें नए नए ज्ञान को समावेशित करने की छूट है, क्योंकि इसका विकास ही शास्त्रार्थ और गहन चिंतन से उपजे विभिन्न दर्शनों के आधार पर हुआ है। वर्तमान में इसमें प्राचीनतम जादू टोने वाले समाज के तत्वों से लेकर सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा, और उत्तर मीमांसा के तत्व एक साथ ख़ुशी से पनपते चले आ रहे हैं। बौद्ध, धर्म के रूप में भले ही लुप्त हो गया हो किन्तु उसके बहुत से तत्व भारतीय चिंतन में समाविष्ट हो चुके हैं। जैन और अनेक संतों के मत भी फल-फूल रहे हैं। चैतन्य महाप्रभू का संकीर्तन भक्तिमार्ग हो या कबीर का निर्गुण ब्रह्म की उपासना हो, दादू पन्थ, रैदास पंथ, गोरख पंथ आदि अनेक दर्शन थोड़े थोड़े भेद के साथ स्वीकृत और जनमानस में आत्मसात हो चुके हैं। अनेक आदिवासी समुदायों के विभिन्न मत भी मान्य हैं। जिन सब में कुछ तत्व सांझे हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है दूसरे के मत को भी अपने जितना आदर देना। इनमें से कुछ तो नास्तिकवाद के भी पास हैं। कुछ बहुदेववादी हैं, कुछ एकेश्वरवादी हैं। किन्तु इनका एकेश्वरवाद भी अब्रह्मिक धर्मों की तरह बहुदेववाद और साकार उपासना को घृणा की दृष्टि से नहीं देखता, बल्कि यह समझ कर मान्यता देता है कि मनुष्य की आंतरिक विकास की सीढियों में यह भी एक सीढ़ी है और यह विकास की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। धीरे धीरे साकार पूजा और बहुदेववाद आंतरिक विकास के साथ साथ एकेश्वरवाद और निराकार उपासना तक पहुंच ही जाते हैं, किन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जब हम डाक्टरेट कर लें तो पहली-दूसरी श्रेणी के विद्यालयों से नफरत करने लग जाएं। समाज में लोग आते रहेंगे और छोटे विद्यालयों की जरूरत बनी ही रहेगी। जब व्यक्ति ज्ञान हासिल कर लेता है तो उसे पुस्तक-पेन्सिल की जरूरत नहीं रहती, तो क्या उन्हें तोड़ दें, नहीं कभी नहीं। बल्कि जिन्हें उनकी जरूरत है उन्हें दे दें। सनातन धर्म में जीवन के दो विभाग हैं। एक प्रवृत्ति मार्ग, और दूसरा निवृत्ति मार्ग। प्रवृत्ति मार्ग का लक्ष्य है, सांसारिक जीवन को सफलता से जीने वाले नियमों को मानना और उन पर चलते हुए अपने और समाज के जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना। इसका फल है, अपने कर्मों के अनुसार बार बार जन्म लेते रहना। यह एक सतत प्रक्रिया के रूप में चलता रहता है। दूसरा है निवृत्ति मार्ग। इस मार्ग पर वे लोग चलते हैं जो सुख-दुःख के झमेले से बाहर निकल जाना चाहते हैं। वे मोक्ष की कामना करते हैं। और उसी के लिए विभिन्न साधनाएं करते हैं। मोक्ष को सबसे उत्तम लक्ष्य माना जाता है। बौद्ध इसको थोड़ा बहुत हेरफेर से निर्वाण कहते हैं। इस तरह पूरे ताने बाने में ही सब धर्मों को मानने वालों के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा हो जाता है। सनातनी संस्कार वाला समाज किसी दूसरे धर्म के प्रति घृणा के भाव से ऊपर उठ चुका है। वह दूसरे धर्म को घटिया या छोटा साबित करने के चक्कर में कभी नहीं पड़ता। न ही दूसरे धर्म को मानने वाले को अपना धर्म छोड़ कर सनातनी बन जाने को कहता है। बल्कि उसका मानना तो यह है कि न अपना धर्म छोड़ो और न दूसरे का धर्म छुड़ाओ। क्योंकि रस्ते अलग अलग हैं पर अंत में सभी को वहीं पहुंचना है तो झगड़ा क्यों? किन्तु जब अब्रह्मिक धर्मों से पाला पड़ा तो स्थितियां बदल गईं। उनका पहला लक्ष्य ही दूसरे के धर्म पर टीका टिप्पणी करके धर्मांतरण करवा कर अपने धर्म में लाना है। इसके लिए दूसरे के धर्म को घटिया साबित करना जरूरी है। इसी धंधे में जाकिर नाईक और उन जैसे अनेक धर्म गुरु लगे रहते हैं। उनके लिए यह पुण्य का कार्य है। इसके लिए बाकायदा संस्थागत कार्य की व्यवस्था की जाती है। तबलीग जैसी संस्थाएं यही कार्य करती रहती हैं। इसी तरह ईसाई मिशनरियां भी यही काम करती रहती हैं। अब्रह्मिक धर्मों के कुछ अच्छे नियम हैं जिन्हें फर्ज कहा जाता है, जो एक पुस्तक पर आधारित हैं। उनमें अपने धर्म की श्रेष्ठता का भाव भी कूट-कूट कर भरा जाता है जिससे अन्य धर्मों के साथ उनका टकराव होना स्वाभाविक हो जाता है। उनके लिए दूसरे का धर्म छुड़वा कर अपने धर्म में लाना पुण्य का काम है। इस्लाम और ईसाई धर्म में धर्मान्तरण के तरीकों में थोड़ा अंतर जरूर है। ईसाईयों ने सेवा और लालच का प्रयोग ज्यादातर किया। और इस्लाम ने शक्ति और शासन के दबाव का प्रयोग किया। आज भी भारत में यह क्रम तो जारी ही है।

आप का नजरीया

# राष्ट्रमंडल खेल

भारत को ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी भागीदारी के बारे में एक महत्वपूर्ण निर्णय का सामना करना चाहिए, जिसमें बहिष्कार की मांग पर विचार जरूरी है। यह भावना इस घोषणा के बाद उभरी है कि एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत के वर्चस्व वाले कई खेलों को इस आयोजन से बाहर रखा गया है। हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती, स्क्वैश और शूटिंग जैसे प्रमुख खेल, जिनमें भारतीय एथलीट लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं, ग्लासगो खेलों का हिस्सा नहीं होंगे, जिससे निष्पक्षता और समावेशिता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत की पदक संभावनाओं पर प्रभाव : इन खेलों को बाहर करना भारत की पदक उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में पारंपरिक रूप से शूटिंग, कुश्ती और हॉकी जैसे आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे पदक तालिका में इसकी मजबूत स्थिति में योगदान मिला है। इन खेलों को हटाने से भारतीय एथलीटों के लिए वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर बहुत कम हो गए हैं। यह निर्णय अन्य एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और मलेशिया पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो इन खेलों में प्रमुख हैं, जिससे खेलों की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। राष्ट्रमंडल खेल, ऐतिहासिक रूप से, खेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सौहार्द और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक मंच रहे हैं। हालांकि, कई एशियाई देशों में लोकप्रिय खेलों को बाहर करने से एक महत्वपूर्ण असंतुलन पैदा होता है। क्रिकेट और हॉकी जैसे खेल, जिनका भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में गहरा सांस्कृतिक महत्व है, सीमाओं के पार प्रशंसकों को एकजुट करते हैं। आयोजन से उन्हें हटाने से न केवल एथलीट प्रभावित होते हैं, बल्कि इन प्रिय खेलों को देखने के लिए खेलों का अनुसरण करने वाले लाखों दर्शक भी अलग-थलग पड़ जाते हैं। कहा जा रहा है कि 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने का निर्णय ऑस्ट्रेलिया द्वारा बढ़ते खर्चों के कारण मेजबानी से हटने के बाद लागत कम करने के लिए लिया गया था। ग्लासगो ने मेजबान के रूप में कदम रखा और अधिक बजट-अनुकूल आयोजन बनाने के उद्देश्य से खेलों की एक छोटी लाइनअप बनाई। 2022 बर्मिंघम खेलों में खेल विषयों की संख्या 19 से घटाकर ग्लासगो खेलों के लिए केवल 10 कर दी गई। वित्तीय बाधाएं तो समझ में आती हैं, लेकिन राष्ट्रमंडल समुदाय के अभिन्न अंग प्रमुख खेलों को बाहर रखने से व्यापक आलोचना हुई है। दूसरा विकल्प : संभावित मेजबान के रूप में भारत : इन खेलों को बाहर रखने के बजाय, भारत को राष्ट्रमंडल खेल 2026 को उसके मूल स्वरूप में आयोजित करने की पेशकश करनी चाहिए। यह राष्ट्रमंडल देशों में खेलों की विविधता का सम्मान करते हुए अधिक समावेशी मंच प्रदान कर सकता है। खेलों की मेजबानी करने से ओलंपिक सहित भविष्य के वैश्विक आयोजनों की मेजबानी करने के भारत के दावे को भी बल मिलेगा।




# अमेरिका में लोकतंत्र खतरे में, सर्वेक्षण में तीन–चौथाई मतदाताओं का दावा

**वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। कई अखबार और चुनाव सर्वेक्षण एजेंसिया मतदाताओं का मन टटोलने की कोशिश कर रहे हैं।**

इस संबंध में अमेरिका के प्रमुख ने भी संयुक्त रूप से सर्वेक्षण किया है। इस सर्वेक्षण के अनुसार, तीन–चौथाई मतदाताओं ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में हैं।

सिएना कॉलेज के इस सर्वेक्षण के अनुसार, सभी अमेरिकी मतदाताओं में से लगभग आधे का मानना है कि अमेरिकी लोकतंत्र आम लोगों का प्रतिनिधित्व करने का अच्छा काम नहीं कर रहा।

तीन–चौथाई मतदाताओं का कहना है कि लोकतंत्र खतरे में है। अखबार इस मत का विश्लेषण करते हुए कहता है कि यह धारणा पक्षपातपूर्ण झुकाव के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न है। अधिकांश मतदाताओं का मानना है कि देश भ्रष्टाचार से ग्रस्त है।

इस सर्वेक्षण के विश्लेषण में कहा गया है कि लगभग 250 साल पुरानी अमेरिकी सरकार प्रणाली में विश्वास कम होने की वजह चार साल की अभूतपूर्व चुनौतियां हैं। इनमें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने की कोशिश में हिंसक दंगा और बिगड़ती अर्थव्यवस्था प्रमुख कारक है।

विभाजनकारी संस्कृति और भू-राजनीतिक संकट से मतदाता परेशान है।वोटर्स का मानना है कि अमेरिकी सरकार बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराने में विफल रही है। 58 प्रतिशत मतदाता चाहते हैं कि देश की वित्तीय और राजनीतिक प्रणाली में आमूलचूल बदलाव की आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बुशरा बीबी को जेल में जहर दिया गया था : उमर अयूब खान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय नेता और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान ने आरोप लगाया है कि अदियाला जेल (रावलपिंडी सेंट्रल जेल) में रहने के दौरान बुशरा बीबी को जहर दिया गया था। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, उमर अयूब खान ने यह आरोप रविवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हजारा डिवीजन के शहर हरिपुर में जारी बयान में लगाया। उल्लेखनीय है कि इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को हाल ही में जेल से रिहा किया गया है। पीटीआई नेता उमर अयूब खान ने दावा किया कि पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी नौ महीने तक हिरासत में रहीं। वह किसी तरह जीवित रहीं। उन्होंने कहा कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान की दोनों बहनों अलीमा खान और उज्मा खान के साथ बुशरा बीबी की हालिया रिहाई कानूनन हुई है। इसके लिए सरकार से किसी भी तरह का राजनीतिक समझौता नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान के साथ अदियाला जेल में खराब व्यवहार होता है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की तरह पीटीआई नेता को भी प्लेटलेट स्तर में गिरावट का सामना करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने विदेश में निर्वासन नहीं मांगा है। उन्होंने न्यायिक निष्पक्षता की आशा व्यक्त की है। अयूब ने मौलाना फजलुर रहमान के साथ पीटीआई के गठबंधन को दोहराते हुए यह भी घोषणा की कि विपक्ष दल जल्द ही वर्तमान सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे।

### अमेरिका के लाख मनाने के बाद भी नहीं माना इजरायल, उड़ा दिया ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम



**वाशिंगटन।** इजरायल की सेना ने शनिवार को ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले करने का दावा किया है, जिससे दोनों देशों के बीच स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इजरायल ने ईरान के एक गुप्त परमाणु ठिकाने को निशाना बनाते हुए तेहरान के दक्षिण–पूर्व में स्थित एक सैन्य अड्डे की सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस ठिकाने को पहले ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम से जोड़ा गया था। इस हमले को लेकर इजरायल और अमेरिका के बीच कुछ समझौते थे। इजरायल ने अमेरिका को आश्वासन दिया था कि वह ईरान के तेल संयंत्रों और नाभिकीय ठिकानों को नहीं निशाना बनाएगा। हालांकि, हालिया घटनाक्रम में इजरायल ने इस वादे को तोड़ते हुए हमले को अंजाम दिया। सेटेलाइट तस्वीरों में इस साइट पर हमले की पुष्टि हुई है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है, लेकिन पश्चिमी देशों, खासकर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, का मानना है कि तेहरान सक्रिय रूप से अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित कर रहा है। इजरायल के हमले में चार ईरानी सैनिकों की मौत होने की सूचना है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायली हमले को बढ़ा–चढ़ाकर बताने और उसे कम करके आंकने से मना किया है, जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे सफल बताया और कहा कि इससे ईरानी सेना को गंभीर नुकसान हुआ है। इस संघर्ष की जड़ें तब और गहरी हो गई, जब हमास के नेता इस्माइल हानिया की हत्या ईरान में कर दी गई।

### जापान की सियासतः जिन पर घपले घोटाले के आरोप लगे वही बन गए किंगमेकर

**टोक्यो।** जापान के चुनावी मैदान में एक दिलचस्प मोड़ तब आया जब कई ऐसे नेता पुनः चुनाव जीत गए, जिन पर घोटाले के आरोप लगे थे। इनमें पूर्व अर्थव्यवस्था मंत्री कोइची हागिउदा भी शामिल हैं, जिन्हें पार्टी का आधिकारिक समर्थन नहीं मिला था। हागिउदा ने कड़े मुकाबले में अपनी सीट जीतकर किंगमेकर की भूमिका हासिल कर ली है। उनके साथ ही अन्य नेता भी, जो पूर्व में घोटालों के आरोपों में घिरे थे, अब किंगमेकर की स्थिति में हैं और सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जापान की राजनीति में हाल के घटनाक्रम ने एक नए दौर की शुरुआत कर दी है, जहां घोटालों के आरोपों से घिरी सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को आम चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के कारण प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को सत्ता में बने रहने के लिए अब किसी तीसरे दल से गठबंधन करना होगा। निचले सदन में बहुमत खो देने से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गई है और गठबंधन पर एलडीपी का नियंत्रण कमजोर हो गया है। इस नए समीकरण में हर विधेयक पारित करने के लिए किसी तीसरे दल का समर्थन आवश्यक होगा।

# उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौत : फलस्तीनी अधिकारी

**गाजा।**

उत्तरी गाजा पर इजराइल के हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें 11 महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, यह घटना शनिवार रात बेत लाहिया में हुई, जहां कई मकानों और इमारतों पर हवाई हमले किए गए। उत्तरी गाजा में इजराइल के हमले तीसरे सप्ताह भी जारी हैं।

जिससे क्षेत्र में मानवीय आपदा की स्थिति बन गई है। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने चरमपंथियों पर हमला किया और नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कदम उठाए। हालाँकि, उसने हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं की और मीडिया द्वारा प्रकाशित आंकड़ों को गलत बताया। इस बीच, उत्तरी तेल अविव में एक ट्रक ने बस स्टॉप से टकराकर कई लोगों को घायल कर दिया, जिसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

गाजा में जारी संघर्ष के कारण हाल के महीनों में विस्थापन की लहर तेज हो गई है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों फलस्तीनी गाजा सिटी छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इजराइल लगातार हवाई और जमीनी हमले कर रहा है, जबकि लेबनान में हिजबुल्ला के साथ भी संघर्ष जारी है।

इजराइल ने हाल ही में ईरान पर हवाई हमले किए हैं, जिसका दावा किया गया है कि यह ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों का जवाब है।

ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस हमले को लेकर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने ईरानी लोगों की इच्छाशक्ति और ताकत के बारे में इजराइली शासन को समझाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस संकट के दौरान, रेड क्रॉस ने उत्तरी गाजा की स्थिति को भयावह बताया है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 इजराइलियों की हत्या की गई थी, जबकि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 42,000 फलस्तीनी मारे गए हैं। यह स्थिति दोनों पक्षों के बीच युद्ध की आशंका को और बढ़ा रही है।



### चुनावी रैली में ट्रंप और उनकी पत्नी ने किया डांस, समर्थकों में दिखा उत्साह

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार दिन ब दिन तेज होता जा रहा है। इस माहौल में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में चुनावी रैली के दौरान मंच पर उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी मौजूद थीं। ट्रंप ने जहां अपनी पत्नी के साथ डांस किया, वहीं मेलानिया ने उन्हें अमेरिका का जादू कहकर रैली में चार चांद लगा दिए। रैली में मौजूद भीड़ ने ट्रंप और मेलानिया के इस जोशीले प्रदर्शन का आनंद लिया और जमकर नारेबाजी भी की। मेलानिया ने रैली में अपने पति का स्वागत करते हुए समर्थकों से बातचीत भी की। इसके बाद दोनों ने एक–दूसरे को गले लगाया और किस किया। अचानक बजने वाले संगीत पर ट्रंप खुद को डांस करने से रोक नहीं पाए और पूरे जोश में समर्थकों का अभिवादन किया। इस रैली में आरएफके जूनियर, तुलसी गबार्ड, एलन मस्क, टकर कार्लसन, और हल्क होगन जैसे खास मेहमान भी पहुंचे थे। न्यूयॉर्क सिटी की सड़कों पर ट्रंप और अन्य चर्चित हस्तियों को देखने के लिए हजारों प्रशंसक मौजूद थे। राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दोनों ही लोकप्रियता के मामले में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। हाल ही में किए गए एक सर्वे के मुताबिकक 47 फीसदी मतदाता डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस का समर्थन कर रहे हैं जबकि 47 फीसदी रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप का साथ दे रहे हैं। व्हाइट हाउस की इस जंग को जीतने के लिए उम्मीदवार को कुल 270 चुनावी मत हासिल करने होंगे। अमेरिका के सात प्रमुख राज्य, जिनमें जॉर्जिया, मिशिगन, एरिज़ोना, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलिना, विस्कॉन्सिन, और नेवाडा शामिल हैं, चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने वाले हैं। इन राज्यों में समर्थन हासिल करने की कोशिश में दोनों उम्मीदवार कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# 500 फीट आकार का एस्टेरॉयड धरती के करीब से गुजरेगा, नासा ने किया अलर्ट



**वॉशिंगटन।**

नासा ने चेतावनी दी है कि एक विशालकाय एस्टेरॉयड 28 अक्टूबर यानी सोमवार को धरती के बहुत करीब से गुजरेगा। इस खगोलीय पिंड को एस्टेरॉयड 2020 डब्ल्यूजी का नाम दिया गया है, जिसका आकार 500 फीट का है। यह एस्टेरॉयड करीब 33,947 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में सफर कर रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि यह क्षुद्रग्रह धरती के पास बिंदु पर करीब 33.3 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा।

2020 डब्ल्यूजी को खतरनाक एस्टेरॉयड माना जा रहा है, जिसका मतलब है कि यह धरती के पास आते ही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। हालांकि इस दूरी के कारण इस बार किसी गंभीर खतरे की आशंका नहीं है। नासा विशेषज्ञ टीम हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है, ताकि समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि इस आकार का एस्टेरॉयड, यदि धरती से टकराता है, तो यह बड़ी तबाही ला सकता है। इसके टकराने से लाखों टन टीएनटी के बराबर ऊर्जा निकल सकती है, जो धरती के एक बड़े हिस्से पर असर डाल सकती है। ऐसे खगोलीय पिंडों पर नजर रखना बहुत

**विशेषज्ञों का मानना यदि धरती से टकराया तो मच सकती बड़ी तबाही**

जरूरी है, क्योंकि इनकी टक्कर से बड़ी तबाही मच सकती है। हाल ही में 26 अक्टूबर को एक अन्य एस्टेरॉयड 2024 टीबी2 भी पृथ्वी के पास से गुजरा था। यह एस्टेरॉयड हवाई जहाज के आकार का था, जो पृथ्वी से केवल 11,764 किलोमीटर की दूरी पर था। इसके बावजूद वैज्ञानिकों ने उम्मीद जताई थी कि यह चंद्रमा की कक्षा से आगे निकल जाएगा और यह अनुमान सही साबित भी हुआ। भविष्य में इस प्रकार के खतरों को कम करने और संभावित आपदाओं से निपटने के लिए नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियां काम कर रही हैं। नासा के वैज्ञानिक इस एस्टेरॉयड के अध्ययन और उस पर लगातार नजर रखे हुए हैं। इसके अलावा, नासा का एलियन जीवन की खोज से जुड़ा मिशन भी जल्द शुरू होने वाला है, जिसमें बृहस्पति के चंद्रमा पर जीवन के संकेतों की तलाश की जाएगी। ऐसे शोध न केवल धरती की सुरक्षा तय करेंगे, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान में नई जानकारियों को उजागर करने में भी मददगार साबित होंगे।

# पाकिस्तान में पुलिस ने मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान मजारी और उनके पति को गिरफ्तार किया

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान की मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता और प्रसिद्ध वकील इमान मजारी और उनके पति अब्दुल हादी को गिरफ्तार कर लिया गया। इमान माजरी पाकिस्तान के पूर्व केंद्रीय मंत्री शिरीन मजारी की पुत्री हैं।**



पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया कि वकील इमान मजारी और उनके पति अब्दुल हादी को संघीय राजधानी इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया। इन दोनों को सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप के संबंध में आबपारा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया।

इमान मजारी और उनके पति पर कुछ दिन पहले पाकिस्तान के दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के ट्रैफिक प्रोटोकॉल के लिए लगाए गए सड़क अवरोधों को हटाने के प्रयास और ट्रैफिक पुलिस के साथ हाथापाई करने का आरोप लगाया गया है।

मजारी के पति ने पुलिसकर्मियों की पिटाई की। उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। हालांकि मजारी ने दावा किया कि वह जल्दी में थीं, क्योंकि उन्हें अदालत पहुंचना था। इस्लामाबाद पुलिस ने कहा कि दंपति ने राज्य अतिथियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन किया है।

# पाकिस्तान में चिकनगुनिया का कहर, अस्पतालों में पैर रखने की जगह नहीं

**प्रमुख अस्पतालों में हर दिन 500 से 750 नए मरीजों का किया जा रहा है इलाज**



**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के कराची शहर में चिकनगुनिया वायरस का प्रकोप तेज हो गया है, जिससे शहर के सरकारी अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। हालात इतने खराब हैं कि प्रमुख अस्पतालों में हर दिन 500 से 750 नए मरीजों का इलाज किया जा रहा है। चिकनगुनिया, जो एडीज एजिप्टी मच्छरों के काटने से फैलता है, ने पहले से ही लचर स्वास्थ्य प्रणाली को और कमजोर कर दिया है। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पतालों में फर्श पर इलाज करने की नौबत आ गई है। चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है, जिसका नाम तंजानिया और मोजाम्बिक की किमाकोंडे भाषा के एक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ विकृत हो जाना है। हाल के महीनों में बुजुर्गों और मधुमेह के मरीजों में इस बीमारी के गंभीर मामले सामने आए हैं, जिससे कई मरीज लकवा और कुछ कोमा में चले गए हैं। इसके साथ ही हृदय और आंखों संबंधी बीमारियों के लक्षण भी देखे जा रहे हैं। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार मई से सितंबर के बीच कराची में 172 मरीजों का पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (पीसीआर) टेस्ट पॉजिटिव आया है। हालांकि, असली मामले इससे कहीं ज्यादा हो सकते हैं, क्योंकि कई मरीज बिना परीक्षण के ही इलाज करा रहे हैं। डॉक्टर अक्सर लक्षण देखकर ही इलाज शुरू कर रहे हैं, जिससे मरीजों का प्लेटलेट काउंट गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। इस बीच सरकारी सहायता की कमी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। पाकिस्तान में निजी इलाज की लागत अत्यधिक है, जिससे गरीब मरीजों के लिए उपचार कराना मुश्किल हो रहा है। कराची के सरकारी अस्पतालों में चिकनगुनिया के लिए अलग वार्ड की व्यवस्था नहीं है, जबकि मरीज सामान्य वार्ड में इलाज करा रहे हैं। सिंध संक्रामक रोग अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के एक अधिकारी ने चेतावनी दी है कि चिकनगुनिया और डेंगू का प्रकोप दिसंबर तक जारी रह सकता है।

# भारत की फटकार के बावजूद फिर कश्मीर-कश्मीर चिल्लाया पाकिस्तान

**जरदारी ने भी कश्मीर मुद्दे पर भारत को निशाना बनाते हुए की कश्मीरियों के प्रति अपने समर्थन की घोषणा**




**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान एक बार फिर कश्मीर मुद्दे पर काला दिवस मनाते हुए भारत के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी कर रहा है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत द्वारा दिए गए कड़े जवाब के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से पीछे नहीं हटा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मियां शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत को निशाना बनाते हुए कश्मीरियों के प्रति अपने समर्थन की घोषणा की।

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे भारत पर कथित मानवाधिकार हनन रोकने के लिए दबाव बनाएं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने का आह्वान किया। जरदारी ने अपने संदेश में कश्मीरियों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्हें पाकिस्तान का कूटनीतिक, राजनीतिक और नैतिक समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी कश्मीर मुद्दे पर आक्रामक तेवर अपनाते हुए आरोप लगाया कि भारत जम्मू और कश्मीर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाकर भारत ने कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था, जिससे वहां की जनता के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों को उनकी आकांक्षाओं के लिए पूरा समर्थन देता रहेगा। कश्मीर मामलों के मंत्री आमिर मुकाम ने भी अपने बयान में आरोप लगाया कि भारत कश्मीर में मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कश्मीरियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए उन्हें बहादुर बताया और कहा कि पूरा पाकिस्तानी राष्ट्र उनके साहस को सलाम करता है।

भारत के खिलाफ इस बयानबाजी के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे पर बार–बार उकसावे और झूठे आरोप लगाने के लिए फटकार लगाई है। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान को अपने देश में आंतरिक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और सीमा पार से आतंकवाद फैलाने से बचना चाहिए।

# आईआईटी कानपुर के 65वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**–सराहनीय योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किए जाएंगे 18 पूर्व छात्र**




**कानपुर, (हि.स.)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर 2 नवंबर को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस मौके पर सराहनीय योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में आईआईटी कानपुर के 18 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने दी।(उन्होंने बताया कि राजनाथ सिंह ने एक प्रतिष्ठित नेता और देश की रक्षा नीतियों के प्रमुख वास्तुकार के रूप में भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शासन और सार्वजनिक सेवा में दशकों के अनुभव के साथ श्री सिंह का नेतृत्व राष्ट्र की रणनीतिक दिशा को आकार दे रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर आईआईटी कानपुर की उनकी यात्रा छात्रों और व्यापक शैक्षणिक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत होगी। आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और छात्रों के साथ अपने विचार साझा करते हुए इस कार्यक्रम के महत्व को बढ़ाएंगे। आईआईटी कानपुर का 65वां स्थापना दिवस शोध और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस यादगार दिन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनकी उपस्थिति न केवल हम सभी को प्रेरित करेगी बल्कि राष्ट्र के विकास और तकनीकी उन्नति में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूती प्रदान करेगी। यह दिन हमारे पूर्व छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों और हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का उत्सव है। हम संस्थान में शिक्षा में उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हुए नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की अपनी विरासत को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।"

# हस्तशिल्पियों के हुनर ब्रांड अंबेसडर प्रधानमंत्री मोदी -मुख्यमंत्री योगी ने जीआई उत्पादों को दिलाया अंतरराष्ट्रीय बाजार

**वाराणसी, (हि.स.)।** देश की सदियों पुरानी हस्तशिल्प कला गुलाबी मीनाकारी के उत्पादों के सामने दीपावली में सोने-चांदी की चमक फीकी पड़ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआई और ओडीओपी उत्पादों को उपहार स्वरूप देने के अपील की है। उनके आह्वान पर गुलाबी मीनाकारी की मांग भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में भी बढ़ गई है। दीपावली पर्व में उपहार देने के लिए गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद की मांग विदेशों से भी आ रही है। गुलाबी मीनाकारी से जुड़े हस्तशिल्पियों को दीपावली में विदेश से आर्डर मिला है। कैलिफोर्निया, फ्रांस और दुबई आदि देशों से भी जीआई उत्पाद में शामिल गुलाबी मीनाकारी के आर्डर मिले हैं। दीपावली में 4 से 5 करोड़ से अधिक का आर्डर मिला है। इसके साथ ही गुलाबी मीनाकारी से जुड़े हस्तशिल्पियों को साल भर करोड़ों का आर्डर मिलता रहता है।

**दीपावली में मिले हैं चार से पांच करोड़ के ऑर्डर** – हस्तशिल्पियों के हुनर के ब्रांड अंबेस्डर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआई उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार दिलाया है। गुलाबी मीनाकारी की मांग कॉरपोरेट जगत से लेकर विदेशों तक से हो रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्पी कुंज बिहारी ने बताया कि दीपावली में भगवान गणेश जी की मूर्तियों के ऑर्डर सर्वाधिक हैं। इसके अलावा मोर, हाथी, शंख, ऑनार्मेंट आदि की मांग भी ज्यादा है। सिर्फ दीपावली में ही देश और विदेश से गुलाबी मीनाकारी के शिल्पियों के पास लगभग 4 से 5 करोड़ का ऑर्डर है। इसके अलावा हस्तशिल्पियों को साल भर के लिए भी अच्छा आर्डर मिला है। सोने,चांदी और हीरे के काम के होने के कारण गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद की कीमत हजारों से लेकर लाखों तक होती है।



**महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर** – हस्तशिल्पी बाबू सोनी, लोकेश सिंह बताते हैं कि कॉरपोरेट कम्पनियां उपहार देने के लिए बल्क में आर्डर देती है। दीपावली के समय बाजार में गुलाबी मीनाकारी के उत्पादों की मांग बढ़ जाती है। इसे पूरा करने मे महिलाओं और लड़कियों की खास भूमिका होती है। पढ़ाई और घर के कामों के साथ महिलाएं हस्तकला कला के इस नायब हुनर से आत्मनिर्भर बन रही है। हस्तशिल्पी विजय कुमार ने बताया कि वे सरकार की मदद से गुलाबी मीनाकारी के क्राफ्ट को बढ़ाने और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर चलने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में महिलाओं को प्रशिक्षण देते रहते हैं।

**कैलिफोर्निया के लोगों ने भी पहले ही कर दिया है ऑर्डर** – कैलिफोर्निया में रहने वाली एनआरआई मधु गुप्ता का अपना स्टोर है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने भारत की हस्तशिल्प कला को पुनः विदेशों तक पहुंचा दिया है। गुलाबी मीनाकारी जैसी सदियों पुरानी हस्तशिल्प कला की विदेशों में मांग बढ़ती जा रही है। दीपावली में गिफ्ट देने के लोग लिए इसे पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी डिमांड को देखते अपने स्टोर के लिए पहले ही आर्डर कर दिया था।

# धनतेरस पर्व पर बाजारों में सादी वर्दी में तैनात किए जाएं पुलिसकर्मी : पुलिस महानिदेशक

**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रदेश सरकार दिवाली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग है।प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को निर्देश दिए हैं कि धनतेरस पर देर रात तक बाजारों में भीड़ के लिहाज से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सादी वर्दी में महिलाएं एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। बाजारों में एंटी रोमियों स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाए। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करें। पूर्व घटित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हॉट स्पॉट चिन्हित कर पिकेट ड्यूटी और यूपी-112 वाहनों को व्यवस्था में लगाया जाए। पुलिस अधिकारी छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लें। थाना प्रभारियों को स्वयं मौके पर पहुंचकर विवादों को हल करने एवं संवेदनशीलता को समाप्त करने के लिए प्रभावी उपाय करें। जनपदों में पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर उन्हें क्यूआरटी के रूप रखें। डीजीपी ने कहा कि विस्फोटक पदार्थ, पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस धाराकों की सूची थानावार बना ली जाए। पटाखों की दुकानों व गोदामों को अबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखें। साथ ही पर्याप्त



संख्या में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। फायर बिग्रेड कर्मी सातों दिन चौबीस घंटे अलर्ट मोड पर रहें। डीजीपी ने अपने निर्देश में कहा कि त्योहार को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजार मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदि स्थानों पर चेकिंग की जाए। जनपदों में शांति व्यवस्था को बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण त्योहार मनाने के उद्देश्य से धर्मगुरुओं, पीस कमेटी, संभ्रांत नागरिकों एवं डिजिटल वालेंटियर्स को सक्रिया रखा जाये। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सघन मानीटरिंग की जाए।

# विहिप का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना : डॉ. राजकमल गुप्ता



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद का ग्रामीण सम्मेलन सोमवार को भोजपुर ब्लाक के ग्राम परशुपुरा बाजे में सम्पंन्न हुआ। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजकमल गुप्ता ने कहा कि सनातनी समाज विश्व हिंदू परिषद से जुड़ें। विहिप का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। डॉ. राजकमल गुप्ता ने आगे कहा कि भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विश्व हिंदू परिषद को एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी और लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर में हिंदू गतिविधियों में वृद्धि के साथ, एक मजबूत और आत्मविश्वासी हिंदू संगठन धीरे-धीरे आकार ले रहा है। कार्यक्रम में सेना से सेवानिवृत्त फौजी, पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी, प्रबुद्धजन, चिकित्सक समेत 150 से अधिक सम्मानित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विहिप से शुभम देशभक्त एवं आदित्य भटनागर मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक विक्रांत चौहान एवं अथर्व राठौर रहे।

# महाकुम्भ पुलिस के आंख और कान बनेंगे युवा

**प्रयागराज, (हि.स.)।** योगी सरकार महाकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही इसे सभी के लिए सुरक्षित बनाने पर भी जोर दे रही है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना बनाई गई हैं। महाकुम्भ पुलिस की ओर से भी तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। खासतौर पर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह आसपास होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और अगर उन्हें कहीं कोई गड़बड़ दिखाई दे तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें। इसका मतलब है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की ही नहीं है, बल्कि प्रयागराज के युवा भी अब पुलिस के आंख और कान बनकर काम करेंगे।

**युवाओं की मूवमेंट का मिलेगा लाभ** – महाकुम्भ को लेकर यूपी पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। महाकुम्भ को सात स्तरीय सुरक्षा चक्र में विभाजित किया गया है। इसके अलावा आईसीसीसी के माध्यम से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरों द्वारा संदिग्धों की निगरानी किए जाने की व्यवस्था की गई है तो वहीं मेला क्षेत्र में 10 प्रकार के सुरक्षा




ऑपरेशन भी चलाने की तैयारी है। इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था को फुल प्रूफ बनाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग का भी सहारा लिया जा रहा है। सोशल मीडिया और अन्य साधनों से प्रयागराज के जनमानस के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है कि उन्हें कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसमें युवाओं को खासतौर पर सम्मिलित किया जा रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में युवाओं का मूवमेंट स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी के साथ-साथ प्रयागराज के विभिन्न स्थानों पर होता है।

**स्वयंसेवकों के रूप में जुड़ेंगे युवा** – एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि इस आयोजन में युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान होगा। वे डिजिटल मीडिया के माध्यम से महाकुम्भ को प्रोजेक्ट करने के लिए स्वयंसेवकों के रूप में हमारे साथ जुड़ेंगे और तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की आवाजाही समेत भीड़ प्रबंधन में भी पुलिस की सहायता करेंगे। इसके लिए कार्ययोजना बन चुकी है और जल्द ही इसे अमल में लाया जाएगा।

**संदिग्ध गतिविधियों पर रखेंगे नजर** – उन्होंने कहा कि किसी बड़े आयोजन में कम्युनिटी का सहयोग सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होता है। दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक आयोजन महाकुम्भ को भी सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस को जनपद के नागरिकों का सहयोग चाहिए। खासतौर पर युवा शक्ति का, जो हर कहीं पर सक्रिय है। सोशल मीडिया से लेकर जनपद के किसी भी हिस्से में उन्हें कुछ संदिग्ध नजर आता है तो वह पुलिस को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उन्हें अपनी और आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति किन-किन मूल बातों को ध्यान में रखना है, इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न निजी संगठन और संस्थाएं भी इसमें पुलिस का सहयोग कर रही हैं। स्थानीय स्तर पर सेमिनार और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से युवाओं को इसमें पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# उपचुनाव के बाद इस चुनाव में भी रिकार्ड मतों से होगी जीत, जनता का है आशीर्वाद : सुनीता चौधरी

**रामगढ़, (हि.स.)।** रामगढ़ विधानसभा सीट से आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे। नामांकन करने के बाद सुनीता चौधरी ने कहा कि उपचुनाव उन्होंने भारी बहुमत से जीता था। इस बार के चुनाव में वह रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगी। जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दों पर कई अहम कदम उठाए हैं। जनता के बीच उनके द्वारा किया गया काम सेवा-भाव को उजागर कर रहा है। इससे पहले उनके पति चंद्र प्रकाश चौधरी भी यहां से विधायक और मंत्री रहे हैं। उन्होंने भी इस पूरे इलाके में विकास की गंगा बहाई है। रामगढ़ की जनता इन सारे मुद्दों पर अपना विचार बन चुकी है। इस बार उन्हें पूरा विश्वास है कि वह रिकॉर्ड मतों से अपना जीत दर्ज करेगी।



**जीत में नहीं है बाधा, बनेगी एनडीए की सरकार : चंद्र प्रकाश चौधरी**

पत्नी सुनीता चौधरी के नामांकन करने के बाद गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा सीट से जीत में कोई बाधा नहीं है। यहां की जनता का विश्वास उन पर बना हुआ है। इस बार पूरे झारखंड में परिवर्तन की लहर है। हेमंत सोरेन की सरकार इस बार हटेगी और भाजपा-आजसू के गठबंधन के तहत सरकार बनेगी। सरकार के खिलाफ जनता में नाराजगी है। जनता एक बार फिर एनडीए का मौका देगी।

**विकास और विश्वास के साथ दर्ज होगी जीत : मनीष जायसवाल**

सुनीता चौधरी के नामांकन में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास और विश्वास के साथ रामगढ़ विधानसभा सीट से सुनीता चौधरी की जीत होगी। रामगढ़ विधानसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी को विकास पुरुष की संज्ञा दी गई है। इसका मतलब साफ है कि यहां कोने-कोने में यदि विकास हुआ है तो उसके पीछे चंद्र प्रकाश चौधरी का हाथ है। हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। रोजगार का मुद्दा हो विकास का मुद्दा हो। आरक्षण का मुद्दा हो या फिर महिलाओं की सुरक्षा का। हर मुद्दे पर हेमंत सोरेन की सरकार विफल रही है।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार



**रांची, ( हि.स.)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हटिया और फ्लाइंग टीम ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ हटिया स्टेशन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम रौशन कुमार है। वह बिहार के वैशाली का रहने वाला है। आरपीएफ पोस्ट हटिया के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने सहायक सुरक्षा आयुक्त रांची अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व मे ऑपरेशन सतर्क के तहत हटिया स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में बैठा देखा गया। बैग की जांच करने पर शराब की 12 बोतल मिली, जिसकी अनुमानित मूल्य 12 हजार 600 रुपये है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शराब बिहार ले जाकर अधिक कीमत में बेचने का काम करता है। जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपित को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

# माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ का सघन सर्च अभियान, हथियार बरामद

**पलामू, (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ का सघन सर्च अभियान तेज है इसी क्रम में हथियार और गोली बरामद की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जिले केहुसैनाबाद थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर को एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन और जिला बल के दल ने हुसैनाबाद थाना के महुदंड और आसपास के मतदान केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नासो जमालपुर गांव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम और ठेगन मियां ने चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से आम जनता में भय फैलाने के लिए हथियारों का भंडार जमीन में गाड़ रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई



करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जंगल में जमीन के अंदर से एक दो नाली बंदूक और बारह बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस बरामदगी के बाद हुसैनाबाद थाना में मामला संख्या 225/24, दिनांक 27/10/2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जिले केपुलिस अधीक्षक के द्वारा सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी गई। छापामारी दल में सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन के कंपनी कमांडर, पु.नि. कुन्दन सिंह,पु.नि. चंदन सिंह चौहान,पु.अ.नि. रविन्द्र कुमार शर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी पु.अ.नि. संजय कुमार यादव, पु.अ.नि. अनंत कुमार सिंह,पु.अ.नि. रमण यादव, महुदंड ओ.पी. प्रभारी स.अ.नि. कमलेश प्रताप सिन्हा एवं सैट-34 के जवान शामिल थे। इस छापेमारी से चुनाव में माओवादी हस्तक्षेप की कोशिशों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

# श्रम विभाग की धावा दल ने दो बाल श्रमिको को कराया विमुक्त



**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले केसरिया अंचल के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में मोतिहारी सदर प्रखंड के कुल-01 प्रतिष्ठान सत्कार होटल से 02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बाल श्रम के विरूद्ध यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला में क्रियाशील है। आज विमुक्त बच्चो के संदर्भ में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। उन्होने बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है।साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी।धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, केसरिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा, अल्ळव, मोतिहारी, प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, सशस्त्र पुलिस बल एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थे।

# थाना से महज ही कुछ दूरी पर बुजुर्ग महिला से 50 हजार की छिनतई

**अररिया,(हि.स.)।** फारबिसगंज थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने पैसे की निकासी कर ई-रिक्शा पर चढ़ने के क्रम में 80 साल की बुजुर्ग महिला से बाइक पर सवार दो बदमाशों ने पचास हजार रुपये से भरे पर्स को छीनकर भाग निकला। पीड़िता 80 वषीर्या श्रेष्ठा देवी पति -स्व. लक्ष्मी नारायण यादव सुल्तान पोखर वार्ड संख्या दो की रहने वाली है।वह अपनी पोती जूही के साथ सेंट्रल बैंक आई थी और बैंक से एक लाख रुपए की निकासी की थी। बैंक से पैसे की निकासी कर जहां पोती जूही ने पचास हजार रुपए अपने पास जेब में रख ली। वहीं शेष पचास हजार रुपए बुजुर्ग श्रेष्ठा देवी अपने पर्स में रखकर ई रिक्शा का इंतजार कर रही थी। सड़क से थोड़ी देर के लिए ई रिक्शा नहीं गुजरने पर बुजुर्ग महिला की पोती जूही सड़क पर खड़े होकर एक ई रिक्शा को रुकवाती है और ज्यों ही बुजुर्ग महिला अपनी पोती के साथ ई




रिक्शा पर चढ़ने का प्रयास ही कर रही थी कि बाइक पर सवार दो झपटमारों ने झपट्टा मारकर श्रेष्ठा देवी के हाथ से पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकला। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश बगीचा चौक होते हुए कॉलेज चौक की ओर भाग निकला।

पीड़िता श्रेष्ठा देवी सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी नवकांत यादव की मां है। घटना की सूचना मिलने के बाद फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। थानाध्यक्ष ने बुजुर्ग महिला समेत उनकी पोती से घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी कैमरा के फुटेज में बैंक परिसर में एक संदिग्ध मोबाइल पर बातचीत करता नजर आया है। जिसको लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।इसके अलावे घटना के उद्भेदन को लेकर भी पुलिस की ओर से बदमाशों के शिनाख्त सहित संदिग्धों को लेकर विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।


# जीवन भर नवादा वासियो की करता रहूंगा सेवा : चन्दन सिंह

**नवादा (हि. स.)।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह की कर्म क्षेत्र नरहट थाने के झिकरुआ गांव में पैक्स अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तथा वारसलीगंज थाने के अपसढ़ गांव के राजीव नयन सिंह के यहां सोमवार को पूर्व सांसद चंदन सिंह पहुंचे। वहां सैकड़ो ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वे दोनों गांव में श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने के बाद में ग्रामीणों की सुधि ले रहे थे। इस मौके पर सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा। सांसद ने कहा कि नवादा संसदीय क्षेत्र के लोग मेरी धड़कनों में बसते हैं। इसलिए उनके सुख-दुख में साथ निभाना मेरा फर्ज है। उन्होंने कहा कि एक माता थी जिसने मुझे जन्म दिया। जिससे मैं संसार को देखा। लेकिन नवादा वासियों ने मुझे लोकसभा भेजकर भारत माता का दर्शन कराया। उन्होंने कहा कि कोई खास परिस्थितियों रही जिस कारण मैं दोबारा नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सका। लेकिन राजनीति में



सब कुछ होता है। धोखा जीवन का सबसे बड़ा सबक है। इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं लगातार नवादा वासियों से जुड़ा हुआ हूं।

पूरे जीवन नवादा वासियों की खिदमत करता रहूंगा। सांसद चंदन सिंह ने कहा कि नवादा वासियों ने जो प्यार दिया, उसे जीवन में कभी भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विकसित भारत के सपनों को सदा सरकार करता रहूंगा। इसके लिए आप सब मेरे साथ चलते रहेंगे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ ही राजग कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। जिन्होंने सांसद चंदन सिंह के विनम्र व्यवहार, ईमानदारी व की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिए।नवादा के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की बात कही। समाजसेवी मनोज सिंह के बुलावे पर नवादा समाहरणालय के सामने भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां लोजपा युवा नेता राजा बाबू, जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, पहले से मौजूद सरदार अखिलेश सिंह, पूर्व मुखिया अंजनी सिंह सहित दर्जनों समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीण उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। लोजपा के युवा नेताओमप्रकाश सिंह, राजा भैया आदि उपस्थिति थे।



# 8वें एफआईआई में भाग लेने रियाद जाएंगे केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का करेंगे उद्घाटन


**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक आर्थिक संबंधों को बढ़ाने और 8वें फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) में भाग लेने के लिए सऊदी अरब के दौरे पर जाएंगे। मंत्री गोयल रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही वे भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण भी करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे। गोयल के इस यात्रा का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना तथा व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए रास्ते तलाशना है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक आर्थिक उपस्थिति को रेखांकित करता है। मंत्रालय के मुताबिक गोयल इस दौरान रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई)

**रियाद में 29-30 अक्टूबर को आयोजित होगा 8वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव**

के 8वें संस्करण में भाग लेंगे, जो एक महत्वपूर्ण मंच है और वैश्विक नेताओं, निवेशकों और नवोन्मेषकों को एक साथ लाता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण करेंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य मंत्री अपनी रियाद यात्रा के दौरान भारतीय मूल के चार्टर्ड अकाउंटेंट और विभिन्न क्षेत्रों से उभरते भारतीय प्रवासियों के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस यात्रा के दौरान गोयल प्रमुख वैश्विक निवेशकों के साथ बातचीत करेंगे। इन मुलाकातों का उद्देश्य निवेशकों का विश्वास मजबूत करना, निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाना और मेक इन इंडिया पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। इसके अलावा वाणिज्य मंत्री ऊर्जा संक्रमण, डिजिटल परिवर्तन और व्यापार सुविधा में सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा करने के लिए उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री, निवेश मंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित प्रमुख सऊदी मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आशीष कचोलिया और कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स ने क्राइेंट फ्यूचर टेक के प्री-आईपीओ में किया निवेश




**मुंबई/नई दिल्ली।** ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली अनुसंधान-उन्मुख नई पीढ़ी की कंपनी क्राइेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने आशीष कचोलिया, कैप्री ग्लोबल और अन्य प्रमुख व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं। क्राइेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि कंपनी ने अपने प्री-आईपीओ दौर में आशीष कचोलिया, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स और अन्य उल्लेखनीय व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी के मुताबिक ये लेन-देन कंपनी के प्रमोटरों द्वारा निवेशकों को इक्विटी शेयरों की बिक्री अर्थात द्वितीयक बिक्री है। यह कोई नया निर्गम या प्राथमिक बिक्री नहीं है। कंपनी ने बताया कि 275 करोड़ रुपये का मूल आईपीओ आकार अभी भी बरकरार है। कंपनी ने 26 अक्टूबर, 2024 को की गई एक सार्वजनिक घोषणा में कहा कि अपने प्रमुख बैंकरों के परामर्श से, उसने व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों को 240 रुपये प्रति शेयर (230 रुपये के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,000,000 इक्विटी शेयर जारी किए हैं, जिसका कुल योग 48 करोड़ रुपये होता है। इस इन्वेस्टमेंट राउंड में प्रमुख रूप से हिस्सा लेने वालों में सूर्यवंशी कमोट्रेड प्राइवेट लिमिटेड (आशीष कचोलिया) शामिल हैं, जिसने 765,000 इक्विटी शेयर हासिल किए हैं, जबकि प्लांटिफाई कैपिटल लिमिटेड ने 125,000 शेयर प्राप्त किए हैं।

### फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की है, इसके बाद अब 11.3 अरब डॉलर आंकी गई है। यह मूल्यांकन स्विगी के शुरुआती लक्ष्य 15 अरब डॉलर से लगभग 25 प्रतिशत कम है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बाजार में अस्थिरता और हाल ही में ह्युंडै इंडिया के आईपीओ की कमजोर लिस्टिंग के चलते निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। ब्लैकरॉक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) 1.4 अरब डॉलर के इस आईपीओ में निवेश करेंगे, जो इस साल देश का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, स्विगी ने यह फैसला इसलिए लियास ताकि निवेशकों की रुचि को बनाए रखते हुए कमजोर प्रतिक्रिया से बचा जा सके। स्विगी का यह आईपीओ 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की वैश्विक अनिश्चितता के बीच आ रहा है, जिससे बाजार में अस्थिरता और बढ़ने की संभावना है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने बड़े निवेशकों से परामर्श करके अपने आईपीओ की वैल्यूएशन घटाने का निर्णय लिया। भारतीय शेयर बाजार में चार सप्ताह से गिरावट जारी है, जिससे बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स अपने ऊपरी स्तर से 8 प्रतिशत तक गिर चुका है। हाल ही में हुंडई इंडिया के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग और विदेशी निवेशकों द्वारा बिकवाली ने भी बाजार की स्थिति को प्रभावित किया है। खुदरा निवेशकों की ओर से ठंडा रिस्पॉन्स मिलने के कारण ह्युंडै इंडिया के शेयर अपने डेब्यू पर 7.2 प्रतिशत गिर गए थे, जिससे बाजार में मूल्यांकन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

### त्योहारी सीजन में 30 फीसदी बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री

**नई दिल्ली** । त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पादों की मांग अधिक है। लोग ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार वाले टीवी, फ्रीज खरीदने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। उद्योग निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण निर्माता संघ (सिएमा) ने कहा कि सभी श्रेणियों की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के एक अधिकारी ने कहा कि अच्छे मानसून की वजह से त्योहारी बिक्री में तेजी आई है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स मंचों पर त्योहारी बिक्री के दौरान हमने पिछले साल की तुलना में 70 फीसदी से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वॉशिंग मशीन और फ्रिज के प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है। खास बात है कि इस बार छोटे शहरों के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।**

**ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार हो रहा है।**




अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 5,808.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दूसरी ओर, नैस्डेक ने 103.12 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,518.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 141.45 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,253.86 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,248.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,497.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,463.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,212 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.85 प्रतिशत उछल कर 2,605.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

निक्केई इंडेक्स ने जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 658.39 अंक यानी 1.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,572.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,305.30 अंक के स्तर पर बना हुआ है।

दूसरी ओर, हैंग सेंग इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 20,545.22 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.05 प्रतिशत लुढ़क कर 3,591.47 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 121.04 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,227.41 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.77 प्रतिशत टूट कर 1,452.16 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,625.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# ईडी ने एमयूडीए मामले में नए सिरे से छापेमारी की, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज




**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े एक धन शोधन मामले में ताजा छापेमारी की है। इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती से हाल ही में लोकायुक्त ने भी पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ईडी ने एमयूडीए से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारी बेंगलुरु और मैसूर सहित करीब सात-आठ ठिकानों पर तलाशी ले रहे हैं। इस मामले में ईडी ने इससे पहले 18 अक्टूबर को छापेमारी की थी, जब उसने मैसूरु में एमयूडीए कार्यालय और कुछ अन्य स्थानों की तलाशी ली थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय में एमयूडीए के कुछ निचले स्तर के अधिकारियों से पूछताछ की थी। ईडी ने लोकायुक्त की एफआईआर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दायर की है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के मुख्यमंद्धी सिद्धारमैया, एमयूडीए के द्वारा अपनी पत्नी को 14 जगहों के आंवटन में कथित अनियमितताओं के संबंध में लोकायुक्त और ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम., उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू (जिनसे मल्लिकार्जुन स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी) और अन्य को दोनों जांच एजेंसियों ने मामले में अन्य आरोपी बनाया है।

# उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स और अन्य से 300 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस मंच उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स, इनोवेन कैपिटल और ट्राइफेक्टा कैपिटल से लगभग 300 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वित्त पोषण समूह ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से उड़ान में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस धन का उपयोग देश भर में किराना स्टोर तथा छोटे व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बयान में कहा गया कि कंपनी अपनी सूक्ष्म बाजार रणनीति के जरिये अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तार करने, परिचालन को अनुकूलित करने, गो-टू-मार्केट (जीटीएम) क्षमताओं को बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नए सूक्ष्म-पूर्ति केंद्र खोलने के लिए इस राशि का उपयोग करेगी। उड़ान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऋण वित्तपोषण का नवीनतम दौर पिछली 10 तिमाहियों में कंपनी द्वारा हासिल की गई तिमाही-दर-तिमाही लगातार वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह वित्तपोषण हमारी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करेगा और हमें प्रमुख रणनीतिक पहलों पर दोगुना जोर देने की सुविधा प्रदान करेगा जैसे कि परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए हमारे क्लस्टर' मॉडल का विस्तार करना जिससे हम लाभप्रदता के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपनी बाजार स्थिति को मजबूत कर सकें।




# वारी एनर्जीज का शेयर करीब 70 फीसदी प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध

**मुंबई/नई दिल्ली।** सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माता वारी एनर्जीज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1503 रुपये से करीब 70 फीसदी उछाल के साथ सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। कंपनी ने 4,321.44 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 1,427-1,503 रुपये प्रति शेयर तय किया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 2,550 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ है, जो निर्गम मूल्य से 69.66 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है। इसके बाद यह 72.98 फीसदी चढ़कर 2,600 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचे (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 66.33 फीसदी की बढ़त के साथ 2,500 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।




कंपनी का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 67,866.35 करोड़ रुपये रहा। वारी एनर्जीज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 76.34 गुना अभिदान मिला था। ये आईपीओ 21 से 23 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला हुआ था। कंपनी का आईपीओ तीन दिनों में कुल 79.44 गुना सब्सक्राइब हुआ। खुदरा कैटेगरी में ये इश्यू 11.27 गुना, क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) में 215.03 गुना, जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) कैटगरी में 65.25 गुना सब्सक्राइब हुआ था। उल्लेखनीय है कि मुंबई बेस्ड सौर पैनल विनिर्माता वारी एनर्जीज लिमिटेड कंपनी फ्रेश इश्यू से प्राप्त इनकम का उपयोग ओडिशा में 6जीबी (गीगावाट) इंगोट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की स्थापना के लिए करेगी। इसके अलावा, एक हिस्से का उपयोग जनरल कॉर्पोरेट पर्पज के लिए किया जाएगा। वारी एनर्जी, भारत में सोलर एनर्जी इंडस्ट्री के मेजर प्लेयर्स में से एक है।

# धनतरेस से पहले सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी सोना और चांदी की कीमत में सांकेतिक गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में धनतेरस के पहले मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये से लेकर 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आई है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### इजराइल-ईरान तनाव से तेल की कीमतों में गिरावट आने की संभावना: विशेषज्ञ



**नई दिल्ली** । तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में इस सप्ताह गिरावट आने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव के बावजूद तेल आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है, जिससे कीमतों पर दबाव कम हुआ है। शनिवार को इजराइली लड़ाकू विमानों ने तेहरान और पश्चिमी ईरान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। इस घटना के बाद बाजार में अनिश्चितता बनी हुई थी, लेकिन अब ईरान की प्रतिक्रिया संयमित होने के चलते तनाव कम हो गया है। ब्रेंट और यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स में पिछले सप्ताह 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता देखी गई। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बाजार ने बड़ी राहत की सांस ली है, क्योंकि इजराइल की प्रतिक्रिया से जुड़ी अनिश्चितता अब खत्म हो गई है। उन्होंने इस स्थिति को अमेरिकी प्रशासन के लिए चुनावों से पहले अनुकूल बताया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के इजराइल दौरे के तुरंत बाद हुए इस हमले को भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से रणनीतिक माना जा रहा है। इसी बीच सिडनी स्थित एक आईजी मार्केट एनालिस्ट ने भी टिप्पणी की कि इजराइल का हमला तेल के बुनियादी ढांचे पर नहीं हुआ, जिससे अनिश्चितता में कमी आई है।

# ईवीएम जैसी निर्जीव चीज का बहाना लेती है कांग्रेस : ओमप्रकाश धनखड़

**गुरुग्राम ( हिंस )।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ अपनी हार पर कांग्रेस ईवीएम जैसी निर्जीव चीज का बहाना लेती है जो जवाब नहीं दे सकती। भाजपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ती है और जीत दर्ज करती है। भविष्य में भी होने वाले निकाय चुनावों में भाजपा की जीत जय है। यह बात उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय में कार्यशाला के बाद पत्रकार वार्ता में कही। जिलाध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, मुकेश शर्मा व महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इसके बारे में राष्ट्रीय



सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बूथ और मंडल स्तर पर कार्यशाला करके नए सदस्य जोड़ने के बारे में बताया। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है। गुरुग्राम विधानसभा में 1 लाख 25 हजार, बादशाहपुर विधानसभा में भी 1 लाख 25 हजार व पटौदी तथा सोहना विधानसभा में 1-1 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह सदस्यता अभियान नगर निगम चुनाव को भी सरल बना देगा और चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जीत व तीसरी बार सरकार बनाने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही स्पष्ट बहुमत की सरकार बनी है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यशाला में गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं में जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। कमल यादव ने कहा कि जल्द ही नगर निगम चुनाव होने हैं, इसलिए कार्यकर्ता अधिक से अधिक मेहनत करें और नए लोगों को भाजपा के साथ जोड़ें।

## पंजाब : छह किलो हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने 105 किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के बाद कपूरथला निवासी लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार करके उसकी कार से 6 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि यह हेरोइन लवप्रीत सिंह ने हनुमानगढ़ राजस्थान से प्राप्त की थी और उसे एक अन्य ड्रग पेडलर नवजोत सिंह को सौंपना था, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह मामला तब सामने आया, जब पंजाब पुलिस ने अमृतसर में 105 किलोग्राम हेरोइन की एक बड़ी खेप को जब्त किया था। इस खेप के पकड़े जाने के बाद से ही पंजाब के काउंटर इंटेलिजेंस विभाग ने इसकी गहराई से जांच शुरू की। पकड़ी गई हेरोइन के बाद जांच के दौरान पुलिस ने ड्रग तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की शिनाख्त शुरू की। इस सिलसिले में अमृतसर और पंजाब के अन्य इलाकों में कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने छानबीन के दौरान यह पता लगाया कि कपूरथला निवासी लवप्रीत सिंह भी इस ड्रग नेटवर्क का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि लवप्रीत सिंह राजस्थान के हनुमानगढ़ से हेरोइन की खेप पंजाब लाया था। उसका काम हेरोइन को नवजोत सिंह तक पहुंचाना था, जो खुद भी इस गिरोह का सक्रिय सदस्य था। नवजोत सिंह को सीआई ने एक दिन पहले ही, 105 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया था। लवप्रीत की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस को इस नेटवर्क की अन्य महत्वपूर्ण कड़ियों को उजागर करने में मदद मिली है।

## बांग्लादेशी का फर्जी कागजात बनाने वाले सहित बांग्लादेशी गिरफ्तार



**जयपुर ( हिंस )।** भांकरोटा थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी और फर्जी कागजात बनाने वाले सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए है। पुलिस इस प्रकरण में अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के बताए अनुसार बांग्लादेशी नोजु फकीर 45 जयसिंहपुरा भांकरोटा निवासी और उसका सहयोगी फिरोज कुरैशी 40 सीकर हाउस चांदपोल बाजार निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित नोजु फकीर के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि फर्जी आधार कार्ड बनाने में उसका दूसरा सहयोगी फिरोज कुरैशी और उसका भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा उसकी मदद करते थे। जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि पूर्व में गिरफ्तार बांग्लादेशी सोहाग खान चेन्नई में दर्ज एक प्रकरण में फरार चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सोहाग खान को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 10 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि बांग्लादेश निवासी नोजु फकीर ने फर्जी दस्तावेज फिरोज कुरैशी और उसके भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा से बनवाए थे। गौरतलब है कि भांकरोटा थाना पुलिस ने पूर्व में 20 अक्तूबर को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 12 बांग्लादेशी और उनका सहयोग करने के आरोप में 6 जनों को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपियों के पास से बांग्लादेश के डॉक्युमेंट बरामद किए गए थे। उसके अलावा आरोपियों के पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड सहित अन्य कागजात बरामद किए थे। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज और जगह उपलब्ध करवाने वाले सहयोगी सोहाग खान, उसकी पत्नी नसरीन खानम, बेटे मोबाइल खान, शबनम , शिबा खान और शबनूर को गिरफ्तार किया था। उसके अलावा भारतीय सहयोगी जयसिंहपुरा निवासी उस्मान खान को भी गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि उस्मान ने उन्हें यहां बुलाकर किराए पर जगह उपलब्ध करवाई थी और उसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे।

## प्रदेश के गीत-संगीत व कला-संस्कृति का अद्भुत संगम है रत्नावली महोत्सव : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव प्रदेश के गीत संगीत, कला, संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का एक अद्भुत संगम है। हरियाणा प्रदेश सदैव शाश्वत ज्ञान परम्परा, सम्पन्नता और योद्धाओं की वीरता का प्रमुख केंद्र रहा है। वैदिक काल से ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक सम्पन्नता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इस वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को रत्नावली महोत्सव सहेजने का काम कर रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय रत्नावली महोत्सव में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिल्प मेले का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली सहित सभी त्योहारों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। देश में ऐसे कम ही विश्वविद्यालय हैं जो शिक्षा के साथ-साथ अपने क्षेत्र व देश की संस्कृति को सहेजने का काम कर रहे हैं। रत्नावली महोत्सव हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अनूठा प्रयास है। पिछले 37 वर्षों से इस विश्वविद्यालय में रत्नावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के गीत-संगीत, कला-संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का यह अद्भुत प्रयास है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस महोत्सव में हर वर्ष नई विधाओं से युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणवी लोक संस्कृति को पुनर्जीवित करने व युवा विद्यार्थियों में अपनी महान विरासत पर गर्व का भाव जगाने में रत्नावली महोत्सव अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है। साहित्य-संगीत व कला का यह अद्भुत संगम है।

## कांग्रेसी कह रहे आपने अच्छे प्रत्याशी उतारे आधा चुनाव तो हम जीत गए : राठौड़

**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हम सभी जगह गए हैं। हमारे कार्यकर्ताओं में उत्साह है। मेरा संपर्क सभी से है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मेरा संपर्क है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता भी कह रहा है कि आपने जिन उम्मीदवारों का चयन किया है। वह बहुत अच्छा



है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी से मिलना-जुलना होता है। कार्यक्रमों में हम साथ बैठते हैं। वहां कांग्रेस कार्यकर्ता बोलते हैं कि आपने सही प्रत्याशी का चयन करके मैदान में उतारा है। आधा चुनाव तो आप जीत गए हैं। वह आधा चुनाव जीतने की बात कह रहे हैं तो बाकी का चुनाव हम अपने कार्यकर्ताओं के दमखम से जीत जाएंगे। सभी क्षेत्रों में बहुत उत्साह हैं। हम सातों सीटें जीतेंगे। राठौड़ ने कहा कि देश में 2500 से ज्यादा राजनीतिक पार्टियां है। लेकिन उनमें से अधिकांश पारिवारिक अथवा व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है। बीजेपी में ऐसा नहीं है।

# हरजिंदर सिंह धामी चौथी बार बने एसजीपीसी के अध्यक्ष

## अकालियों के बागी गुट की बीबी जागीर को मिले महज 33 वोट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में बादल समर्थक एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को चौथी बार एसजीपीसी का अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में हरजिंदर सिंह धामी को 107 वोट मिले और उनकी प्रतिद्वंदी व बादल गुट समथर्क एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर को महज 33 वोट मिले। सोमवार को शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में प्रधान पद के चुनाव के लिए दरबार साहिब स्थित तेजा सिंह समुंद्री हॉल में वोटिंग हुई। इसके बाद नतीजे घोषित किए गए। इस चुनाव में एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर के पक्ष में केवल 33 वोट मिले हैं। चुनाव से पहले बीबी जागीर कौर एसजीपीसी सदस्यों से पांच तख्तों के जत्थेदारों जैसे सिख संस्थानों और



नेताओं के स्वतंत्र अधिकार को बहाल करने और बाहरी राजनीतिक प्रभाव को रोकने के लिए सुधारों का वादा कर रही थीं। इस चुनाव में 107 वोट पाने वाले बादल समर्थक एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को विजयी घोषित किया गया। धामी चौथी बार एसजीपीसी के अध्यक्ष चुने गए हैं। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी अपनी पिछली उपलब्धियों के आधार पर फिर वोट की मांग कर रहे थे। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में गोल्डन टेंपल में केंद्रीय सिख संग्रहालय में सिख शहीदों के चित्रों को जोड़ने जैसी पहल की थी। इस चुनाव में रघुजीत सिंह विर्क को एसजीपीसी का सीनियर मीत प्रधान नियुक्त किया गया है और शेर सिंह मंड को जनरल सेक्रेटरी बनाया गया है। साथ ही 11 एग्जीक्यूटिव सदस्य भी बना दिए गए हैं, जिनमें बीबी हरजिंदर कौर, अमरीक सिंह, सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह खालसा, सरदार सुरजीत सिंह गड़ी, बलदेव सिंह कैमपुर, दलजीत सिंह भिंडर, सुखप्रीत सिंह रोडे, रविंदर सिंह खालसा, जसवंत सिंह और परमजीत सिंह रायपुर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पहले एसजीपीसी में सदस्यों की संख्या 185 थी। जिनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से चुने जाते हैं। इनमें 31 सदस्यों का निधन हो चुका है और छह सदस्य इस्तीफा दे चुके हैं। सोमवार को हुए चुनाव में कुल 148 सदस्यों ने मतदान किया था। आज का चुनाव इसलिए अहम माना जा रहा था कि वर्ष 1990 से एसजीपीसी पर बादल परिवार का प्रभाव रहा है। इस बार सुखबीर बादल अकाली दल के प्रधान नहीं हैं। बागी गुट सुखबीर के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। इसके बावजूद बादल गुट के धामी ने बड़ी जीत दर्ज की है। इस बार माना जा रहा था कि अकाली दल में फूट का असर इस चुनाव पर असर पड़ेगा। ऐसा नहीं हुआ। बागी गुट की बीबी जागीर कौर पर वर्ष 2022 से भी कम वोट मिले। ऐसे में अकाली दल को उभरने का एक और मौका मिला है।

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली की हार्दिक बधाई दी

**लखनऊ ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को दीपों के पांच पर्व धनतेरस, छोटी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ये पर्व परिवार और समाज के साथ मिलकर एकजुटता, प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का अवसर है। राज्यपाल ने उत्सव को मनाते वक्त पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखने तथा ग्रीन पटाखों के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने समस्त नागरिकों के सुख, शान्ति, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है।

# पृष्ठ तीन का शेष

### बदलाव के साथ...

कि किस धर्म और वर्ग के लोग किस संप्रदाय से संबंधित हैं। इस तरह के प्रश्नों का समावेश न केवल जनगणना की प्रक्रिया को विस्तारित करेगा, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी समझने में मदद करेगा। केंद्र सरकार ने अभी तक जातिगत जनगणना कराने के बारे में कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। लेकिन मोदी सरकार यह समझती है कि यदि जातिगत जनगणना कराई जाती है, तो इससे सरकार को आरक्षण और अन्य सुविधाओं के लिए विशेष योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सरकार चाहती है कि एक तरफ तो इस मुद्दे पर एनडीए में कोई मतभेद न हो, और दूसरी तरफ सभी धर्मों की आबादी में जाति व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को समझा जा सके। जनगणना का आंकड़ा सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल जनसंख्या का सही आंकड़ा प्रस्तुत करता है, बल्कि यह विभिन्न नीतियों और योजनाओं के निर्माण में भी मदद करता है। इससे यह समझा जा सकता है कि किस क्षेत्र में विकास की आवश्यकता है और कहां संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार, जनगणना की प्रक्रिया में बदलाव से न केवल जनसंख्या का सही आंकड़ा प्राप्त होगा, बल्कि यह विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावित करेगा। लोगों के लिए यह जानना जरूरी है कि उनकी जनगणना में कौन से नए सवाल शामिल होंगे और इससे उनकी सामाजिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ेगा। जनगणना की प्रक्रिया में इस प्रकार के बदलाव, भारतीय समाज के लिए नए दृष्टिकोण और समझ के दरवाजे खोल सकते हैं।

### झारखंड में बढ़ी मुस्लिम...

नहीं है लेकिन हर 5 साल में मुसलमानों की आबादी कैसे बढ़ रही है? क्या एक परिवार 10-12 बच्चे पैदा कर रहा है? अगर परिवार इतने बच्चे पैदा नहीं कर रहा है तो निश्चित रूप से लोग बाहर से आ रहे हैं। यह सीधा गणित है। उन्होंने कहा कि हम चुनाव जीतेंगे लेकिन यह मुख्य प्राथमिकता नहीं है, बल्कि संथाल परगना से घुसपैठियों को बाहर निकालना और महिलाओं को न्याय दिलाना है। हिमंत विश्व शर्मा ने यह भी कहा कि झारखंड की भाजपा सरकार संथाल परगना संभाग में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करेगी। उन्होंने कहा कि कल भी आपने झारखंड सरकार का आंतरिक पत्र देखा जिसमें लिखा था कि मदरसों में घुसपैठियों को ट्रेनिंग दी जाती है, आधार कार्ड बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी सारी बातें सामने आ रही हैं, हमें विश्वास है कि इस चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनेगी और हम संथाल परगना में एनआरसी लागू करेंगे। उधर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को नामांकन सभा को संबोधित करते हुए संथाल परगना की डेमोग्राफिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हवाले कर दिया है। शर्मा ने कहा कि आदिवासी छात्राओं पर भी अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं एक आदिवासी छात्रावास गया, तो वहां की छात्राओं ने बताया कि पुलिस और घुसपैठियों की मिलीभगत से उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने गायबथान से जुड़े मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि वे लगातार उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। साथ ही कहा कि असम में जो घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है लेकिन आज झारखंड में घुसपैठिए संथाल में आते हैं और आदिवासी बेटियों को फंसाकर शादी कर लेते हैं। फिर मुखिया का चुनाव लड़ते हैं और जो घुसपैठ करता है वह मुखिया बन जाता है। इसपर हेमंत सोरेन कुछ नहीं करते हैं। क्योंकि, उनको वोट का लालच है। शर्मा ने कहा कि देखते-देखते संथाल में घुसपैठिए 20 प्रतिशत हो गए हैं। झारखंड में भाजपा यह विधानसभा चुनाव आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए लड़ रही हैं। हमारे हिंदू-मुसलमान जो मूल समाज है, जो भारतीय समाज है उनके लिए यह चुनाव लड़ी जा रही है। झारखंड में जब भाजपा की सरकार बनेगी, हमलोग कानून के रास्ते से घुसपैठिए को लात मारकर बाहर निकालेंगे। यह चुनाव संथाल परगना को घुसपैठिए से मुक्त दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। यह लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे जब तक एक-एक घुसपैठिए को भी संथाल से बाहर न कर दें। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही जो भी लोग जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक करवाने का काम किए हैं। चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो उसे लात मार मार कर जेल में बंद करने का काम करेंगे। भाजपा युवा साथी के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी। झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में सीजीएल परीक्षा कैंसल करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि दो माह के अंदर निष्पक्ष सीजीएल परीक्षा करवाई जाएगी।

### झामुमो में शहीदों ...

वाला हो। शर्मा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में बंटी बबली का सम्मान होता है और शहीद के वंशजों का अपमान किया जाता है। सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं। हेमंत सोरेन तब तक पदाधिकारी का उपयोग करते रहे जब तक उन्होंने साथ दिया। आज पदाधिकारी जब उनके गलत चीजों का विरोध कर रहे हैं तब वे पदाधिकारी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि मुख्यमंत्री अफसर के खिलाफ खड़े हुए हों। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य गठन की प्रसव पीड़ा सही है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राज्य का गठन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर भरोसा करती है। भाजपा और एनडीए सरकार में सभी वर्गों को सम्मान और अधिकार मिलेगा। भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से वे कांग्रेस में थे। कांग्रेस पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की अब पूछ नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देती है। भाजपा की नीति-सिद्धांत, कार्य और प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए रांची सहित पूरे राज्य की विधानसभा में तन-मन से और समर्पित होकर काम करेंगे। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे। भाजपा में शामिल होने वालों में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष देवचन प्रसाद यादव, गढ़वा जिला सचिव अशरफ अंसारी सहित अरविंद कुमार यादव, हकीमुद्दीन अंसारी, अलोक कुमार यादव, नवीजाम अंसारी, शैलेश प्रताप देव शैलेंद्र प्रसाद देव, इरफान अंसारी, इंद्रदेव बैठा, इनाज अंसारी, भोला राम, मंसाफ अंसारी, प्रमोद पटेल, नईमुद्दीन अंसारी, सुधीर मेहता, साबिर अंसारी, रोहित कुमार मेहता, विकास कुमार चौधरी, रोशन मेहता, नईमुद्दीन अंसारी, रोशन कुमार रजक, इंद्रदेव बैठा, मुख्तार अंसारी, प्रभात कुमार चंद्रवंशी, महफूज अंसारी, विक्रम कुमार यादव, साबिर अंसारी, विकास बैठा, फिरोज अंसारी, मनीष विश्वकर्मा, श्याम सुंदर बैठा, सुनील यादव, शैलेश बैठा, समशाद अंसारी, अजीत यादव, अमरेश राम, मिथिलेश कुमार, रामानुज कुमार, सुधांशु कुमार यादव, ऋषभ श्रीवास्तव शामिल हैं।

### बांग्लादेश में हिन्दू ...

बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएंगे। उन्होंने बांग्लादेश में जेहादी मानसिकता पर हमला बोलते हुए कहा कि जेहादी मानसिकता वाले संविधान में विश्वास नहीं करते हैं। हाल ही में उन्होंने न्यायपालिका का घेराव कर न्यायधीश को बदलावा दिया, अब राष्ट्रपति को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे किसी भी बात को नहीं मानते हैं। इससे भारत को सीखने की जरूरत है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लोकल फार वोकल के लिए समाज को संकल्प लेना होगा। अकेले सरकार के भरोसे नहीं होगा। पूर्वोत्तर में काफी प्रतिभा है, सभी को अपनी वस्तुओं को खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान हो हम प्रभु श्रीराम से यह कामना करते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली दिवाली है, इसलिए यह खास है। 500 वर्षों के बाद भगवान के जन्म स्थान पर संघर्ष के बाद यह दिन देखना नसीब हुआ है। यह न्यायपालिका के निर्णय से सम्मानजनक रूप से हुआ है। मर्यादा के साथ हुआ, क्योंकि भगवान स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। विहिप केंद्रीय संयुक्त महामंत्री ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का नाम लेते हुए कहा कि संविधान के दायरे में सभी समस्याओं का समाधान हो, यह हम चाहते हैं। दिवाली पर भगवान वनवास के बाद अयोध्या आए थे और रामराज्य की स्थापना हुई थी। हिन्दू विरोधी, राष्ट्र विरोधी षड्यंत्रों को समाप्त कर देश में रामराज्य स्थापित हो यह हम सबका प्रयास है। हर हृदय में भगवान विराजमान हों, हम यह चाहते हैं। प्रत्येक भारतीय का चरित्र राम के अनुरूप हो, यह हमारा प्रयास है। हमारे देश की जड़े राम में हैं। सभी विश्व आज अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। हम अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं, इसलिए भारत का तेजी से विकास हो रहा है। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। मिलिट्री में तीसरे स्थान पर हैं तथा अंतरिक्ष में भी तीसरे स्थान पर हैं। वर्तमान में विश्व यह मानता है कि भारत एक नंबर बनेगा। उन्होंने पूर्वोत्तर के लिए वर्तमान समय को स्वर्णीम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि असमिया भाषा को केंद्र सरकार ने सम्मानित किया है, यह समस्त असमिया समाज का अधिकार है। केंद्र सरकार ने असमिया को क्लासिकल लैंग्वेज की सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में देश को बताने और सिखाने के लिए बहुत कुछ है। पहले यहां दूसरे राज्यों से कथा वाचक आते थे। हाल ही में असम की युवती ने दिल्ली में कथा वाचन किया, यह सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 145 से अधिक ट्राइब्स हैं, बावजूद यहां पर एकता है, यह अनेकता में एकता है। इस मौके पर विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री दिनेश तिवारी, विहिप के पूर्वोत्तर प्रांत के अध्यक्ष परमेश दत्त समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### गांव से लेकर ...

अलावा विभिन्न प्रकार के उपहार सामग्री पेश कर रहे हैं। सोने चांदी की दुकान में सोना-चांदी के ज्वैलरी खरीदने में उत्साह दिखाई दे रहा है। इसके अलावा कांसा, पीतल के बर्तन के दुकानों पर भी काफी भीड़ दिखाई दे रहा है। दीपावली के लिए घर सजाने की चीजे भी काफी बिक रही है सुंदर-सुंदर मूर्ति, घर की सजावट की सामग्री सभी उपलब्ध है वहां पर भी ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई दे रहा है। पूजा की सामग्री, गृह सजाने का सामान, विभिन्न प्रकार के लाइट्स, इलेक्ट्रॉनिक वस्तु आदि दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रहा है। कपड़ों की भी काफी खरीदारी हो रही है। इसके अलावा रंगोली के लिए रंग तथा पटाखे भी काफी बिक रहे हैं। दीये भी बहुत सुंदर-सुंदर डिजाइनर रंगों में दीये मिल रहा है। जो देखने में बहुत आकर्षक लग रहा है।

### अब बिजली कटौती ...

और पूरी तरह से रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी विकसित करना है। स्पेस सोलर इंजीनियरिंग के स्पेस-बेस्ड सोलर पावर (एसबीएसपी) प्रोजेक्ट को ब्रिटेन की सरकार ने इसी साल अप्रैल में करीब 13 करोड़ रुपए की फंडिंग भी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत वैज्ञानिक एक ऐसे सैटेलाइट को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करेंगे जिस पर विशालकाय सोलर पैनल लगे होंगे। यह सोलर पैनल बिना किसी उपकरण के सिर्फ सौर ऊर्जा के स्रोत से ही बिजली का उत्पादन होगा। जिसे बिना किसी तार या खंभे के 2.45 गीगाहर्ट्स की फ्रीक्वेंसी से पृथ्वी पर स्थित रिसीवर पर भेजा जाएगा। इसके अलावा एक दूसरे विकल्प के तौर पर सैटेलाइट के जरिए सीधा 30 मेगावॉट ऊर्जा की बीम धरती पर छोड़ी जाएगी, जिससे करीब 3 हजार मकानों तक रोशनी पहुंचाई जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सैटेलाइट करीब 400 मीटर चौड़ा होगा, जिसका वजन करीब 70 टन तक हो सकता है। इसे पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। खास बात ये है कि इसे एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी के स्टारशिप रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा। स्पेस सोलर इंजीनियरिंग के इस प्रोजेक्ट के जरिए 2036 तक 6 ऊर्जा स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक स्टेशन की लागत करीब 80 करोड़ डॉलर तक हो सकती है। इन पावर स्टेशनों के माध्यम से 24 घंटे बिजली सप्लाई करना मुमकिन हो पाएगा, धरती पर चाहे कैसा भी मौसम हो उसका प्रभाव स्पेस आधारित बिजली सप्लाई पर नहीं पड़ेगा। अंतरिक्ष से बिजली सप्लाई का सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति होगी, इसके अलावा यह साफ-सुथरी ग्रीन एनर्जी होगी जिससे 2050 तक धरती पर कार्बन-उत्सर्जन शून्य करने की दिशा में बड़ी मदद मिलेगी।

### दिवाली : 1 नवंबर को ...

संस्थान एनआई अधिनियम, 1881 (1881 का 24) की धारा 25 के तहत बंद रहेंगे, जिसे भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना के साथ पढ़ा जाएगा। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की थी कि राज्य सरकार 28 अक्तूबर से अपने कर्मचारियों को वेतन देना शुरू कर देगी। इस पहल का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली को एक विशेष अवसर बनाना है और इससे वित्तीय राहत मिलने तथा कर्मचारियों को अपने त्यौहारी खर्चों की योजना पहले से बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। राज्य कर्मचारियों ने इस कदम का स्वागत किया है तथा इसे सरकार का एक विचारशील कदम मान रहे हैं। दिवाली, जिसे रोशनी के त्योहार के रूप में भी जाना जाता है, भारत में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जिसे बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है।

### चाय बागानों की जमीन ...

लोगों के हितों को संरक्षित करते हुए जमीन पर कब्जे को नियमित करना है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिप्लब शर्मा आयोग की रिपोर्ट ने इन नए नियमों के लिए आधार का काम किया है, जिसमें चाय बागान क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति पर जोर दिया गया है। इस पहल के तहत, चाय बागानों की भूमि पर बनाए गए किसी भी नए भवन को अब आपराधिक अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जो इन महत्वपूर्ण कृषि स्थलों की सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पात्र लोगों की सहायता करने के लिए, सरकार निर्दिष्ट तिथि से पहले चाय बागान की भूमि पर रहने वाले व्यक्तियों के लिए एकमुश्त राहत विकल्प प्रदान करेगी। इन व्यक्तियों को नाममात्र 10 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके भूमि प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये प्रावधान चाय बागान समुदाय के सदस्यों पर लागू नहीं होते हैं जो अपनी जमीन पर घर बना रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थानीय निवासियों पर नए दिशा-निर्देशों का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।



# दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के बाद कचरे से पटा दिल्ली का जेएलएन स्टेडियम

**नई दिल्ली।**
**भारत में खेलों के लिए पवित्र स्थल माना जाने वाला जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हाल ही में पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ के दो दिवसीय 'दिल-लुमिनाती' संगीत कार्यक्रम के बाद विवाद के केंद्र में आ गया।**

जब ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बेअंत सिंह ने कार्यक्रम स्थल की अव्यवस्था की तस्वीरें पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी निराशा व्यक्त की।

सप्ताहांत में आयोजित इस कॉन्सर्ट में हर रात लगभग 35,000 प्रशंसक आए, लेकिन स्टेडियम, जो आमतौर पर खेलों के लिए आरक्षित होता है, कार्यक्रम के बाद गंदगी की स्थिति में छोड़ दिया गया।

सिंह द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, स्टेडियम का ट्रैक और फ़ील्ड क्षेत्र कचरे, शराब के कंटेनरों और क्षतिग्रस्त एथलेटिक उपकरणों से अटा पड़ा था।

सिंह ने इंस्टाग्राम पर साझा किया, यह वह जगह है जहाँ एथलीट प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन यहाँ लोगों ने शराब पी और पार्टी की। इसके लिए स्टेडियम को कल तक के लिए बंद कर दिया गया था। एथलेटिक्स उपकरण तोड़कर किनारे फेंक दिए गए हैं।

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम पंजाब एफसी, जो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को अपने घरेलू मैदान के रूप में भी इस्तेमाल करती है, अब कॉन्सर्ट के बाद हुए गंदगी को साफ करवा रही है क्योंकि वह गुरुवार रात को चेन्नईयिन एफसी का सामना करने की तैयारी कर रही है। पंजाब एफसी वर्तमान में आईएसएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, टीम को उम्मीद थी कि उन्हें बढ़त दिलाने के लिए एक साफ-सुथरी पिच होगी। इसके बजाय, खिलाड़ियों और कर्मचारियों को मलबे का सामना करना पड़ा और स्टेडियम के कर्मचारियों को समय पर मैदान को बहाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### पीकेएल को दिया गया वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स लीग का पुरस्कार




**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) को सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह शुक्रवार, 18 अक्टूबर को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) स्कोर कार्ड 2024 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिस दिन पीकेएल के 11वें संस्करण की शुरुआत भी हुई थी। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स, एक अभूतपूर्व पहल है, जो खेल व्यवसाय क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रेणी में प्रो कबड्डी लीग की जीत भारतीय खेल परिदृश्य पर इसके प्रभाव और एक खेल के रूप में कबड्डी के विकास में इसके योगदान को रेखांकित करती है। प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने पुरस्कार मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम सीआईआई से यह मान्यता प्राप्त करके रोमांचित हैं। यह पुरस्कार 2014 में अपनी शुरुआत से ही प्रो कबड्डी लीग को एक शानदार सफलता बनाने में शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, हम पीकेएल को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने, कबड्डी को और अधिक लोकप्रिय बनाने और भारत के वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के सपने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रो कबड्डी लीग की निदेशक चारू शर्मा ने कहा, भारत का अनूठा विरासत वाला खेल - जो कई दशक पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया था - 10 साल पहले पीकेएल की बदौलत एक बेहद लोकप्रिय, प्रतिष्ठित, पेशेवर लीग बन गया है। कबड्डी की कहानी वाकई दिलचस्प है। मुझे खुशी है कि भारत की प्रमुख कॉर्पोरेट एजेंसी, सीआईआई ने मशाल स्पोर्ट्स द्वारा सुशासन पर दिए गए अत्यधिक ध्यान की सराहना की है, जिससे पीकेएल को सम्मान और स्थिरता मिली है।

### सोफिया सिविंग, अरमान भाटिया ने जीता प्रथम इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैम्पियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** तीसरी वरीयता प्राप्त सोफिया सिविंग ने रविवार को यहां डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की काओ पेई चुआन को 11-3, 11-2 से हराकर पहला प्रो पिकलबॉल खिताब जीत लिया है।



शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के अनिश्चित और जोखिम लेने के लिए तैयार न होने के कारण अमेरिकी खिलाड़ी को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन काओ की गलतियों ने सिविंग को पहला अंक दिलाया। धीरे-धीरे लय में आकर सिविंग ने 2-0 से पिछड़ने के बाद स्कोर बराबर किया और फिर 3-2 की बढ़त ले ली, छोर बदलने से स्पष्ट रूप से थके हुए चुआन के संघर्ष को कम करने में कोई मदद नहीं मिली, सिविंग ने 5-0 की बढ़त हासिल कर ली और फिर सेट 11-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सिविंग को कोई दिक्कत नहीं हुई और उन्होंने आसानी से दूसरा सेट 11-2 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

### नेपाल ने भारत को सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से किया बाहर



**नई दिल्ली।** भारत रविवार को दशरथ स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में नेपाल से 2-4 से हारकर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से बाहर हो गया। नेपाल फाइनल में बांग्लादेश से खेलेगा, जिसने पहले दिन दूसरे सेमीफाइनल में भूटान को 7-1 से हराया था। खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस मैच में, नियमित समय समाप्त होने के बाद शूट-आउट का सहारा लिया गया, जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच में मैदान के अंदर से ज्यादा बाहर का ड्रामा देखने को मिला। 62वें मिनट में संगीता बासफोर के शानदार शॉट की बदौलत भारत ने बढ़त हासिल कर ली और इसके बाद नेपाल ने बराबरी का गोल दागा, जिसे रेफरी ने नकार दिया। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने रेफरी के फैसले का विरोध करना शुरु कर दिया।

# मेरे परिवार ने मेरे लिए बहुत कुछ किया, चाहता हूं कि वे एक अच्छी जिंदगी जिएं : पटना पाइरेट्स रेडर देवांक

**हैदराबाद।**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 में कुछ बहुत ही प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिले हैं जो थीम पर फिट बैठते हैं। सीजन के शुरुआती हिस्से में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक पटना पाइरेट्स के युवा रेडर देवांक दलाल रहे हैं, जिन्होंने सभी को अपनी प्रतिभा पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर दिया।



हरियाणा के रोहतक से आने वाले युवा देवांक ने हैदराबाद की भीड़ को अपना नाम जपने पर मजबूर कर दिया, जब उन्होंने अकेले ही पटना पाइरेट्स को तमिल थलाइवाज के खिलाफ एक असंभव जीत दिलाई। यह पटना पाइरेट्स की सीजन की पहली जीत थी, और देवांक ने 25 अंक बनाए क्योंकि वे पीछे से आए और जीत हासिल की, जो वास्तव में हार के मुंह से निकली थी।

देवांक ने कहा, यह सब टीम के बारे में था और मैं सोच रहा था कि पटना पाइरेट्स के लिए मैट पर किसी न किसी को आगे आना चाहिए। उस दिन, तमिल थलाइवाज के खिलाफ, यह मेरा दिन था और दूसरे दिन, कोई और खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगा। लेकिन, हमारे लिए एक साथ खेलना महत्वपूर्ण है और इसी तरह हम खेल जीत सकते हैं।

देवांक के लिए, एकमात्र ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि पटना पाइरेट्स पीकेएल सीजन 11 में अच्छा प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा, मेरे साथी, कप्तान शुभम शिंदे, मुझे आगे बढ़ने और अंक हासिल करने का आत्मविश्वास देते रहे। मुझे पटना पाइरेट्स में टीम प्रबंधन से बहुत समर्थन मिला है और मैं हर अवसर का लाभ उठाना चाहता हूं।

हालांकि, जब उनके व्यक्तिगत लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं का विषय सामने आया, तो दृढ़ निश्चयी देवांक ने बताया, जब मैं नौवें सीजन में जयपुर पिंक पैंथर्स में था, तो मेरी शर्ट पर एक स्टार था, और फिर हमने उस साल खिताब जीता। अगले साल (सीजन 10) हमने शर्ट पर दो सितारों के साथ खेला, और अब पटना पाइरेट्स में, इस साल मेरी शर्ट पर तीन सितारे हैं। लेकिन जब हम सीजन 12 खेलेंगे, तो मैं अपनी किट पर चार सितारे रखना चाहता हूँ। मैं निश्चित रूप से पटना पाइरेट्स को चौथा खिताब दिलाना चाहता हूँ।

22 वर्षीय देवांक, जिन्होंने भारतीय सेना में शामिल होने के बाद कबड्डी में अपनी यात्रा शुरू की, अपने परिवार से इस खेल को अपनाने वाले पहले व्यक्ति हैं, जिसके बाद उनके दो छोटे भाई-बहनों ने भी उनके नक्शेकदम पर चलना शुरू किया।

देवांक ने कहा,मेरा परिवार मुझे लगातार कड़ी मेहनत करते रहने के लिए कहता रहता है, और अगर तुम कोशिश करो तो इस जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। मेरा परिवार और दोस्त भी खुश हैं, और अगर वे खुश हैं तो मुझे बस यही चाहिए। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करना चाहता हूं कि मेरे परिवार का भविष्य अच्छा रहे। उन्होंने बहुत कठिन समय देखा है, और अब मेरा समय है कि मैं उन्हें कुछ वापस दूं और उन्हें खुशहाल जीवन जीने में मदद करूं। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, और मैं उनके लिए कुछ अच्छा करने में सक्षम होना चाहता हूं।

### गुजरात पर मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास मजबूत हुआ: उपेंद्र मलिक

**हैदराबाद।** हैदराबाद के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पीकेएल सीजन 11 के रोमांचक मुकाबले में रविवार शाम यूपी योद्धा ने गुजरात जायंट्स पर 35-29 से जीत हासिल की, जिसमें भरत (13 अंक) और भवानी राजपूत (9 अंक) ने योद्धाओं के लिए बढ़त बनाई, जबकि राकेश ने जायंट्स के लिए 8 अंक हासिल किए। गुमान सिंह और सोमबीर के माध्यम से जायंट्स की मजबूत शुरुआत के बावजूद, योद्धाओं ने वापसी की और भवानी राजपूत की शुरुआती रेड के बाद गति प्राप्त की। खेल का टर्निंग पॉइंट हाफटाइम से ठीक पहले आया जब राकेश पर महेंद्र सिंह के सफल टैकल के परिणामस्वरूप ऑल आउट हो गया, जिससे ब्रेक तक योद्धाओं को 19-17 की बढ़त मिल गई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा, यह निस्संदेह हमारे द्वारा अब तक खेले गए चार मैचों में सबसे कठिन मैच था। हमारे खिलाड़ियों ने शुरू से लेकर आखिर तक दबाव की स्थितियों को जिस तरह से संभाला, वह उल्लेखनीय था। पहले ऑल-आउट के बाद भी, हमने तीन से चार अंकों की बढ़त बनाए रखी, जिसमें महत्वपूर्ण सुपर टैकल भी शामिल थे। मैच में जोरदार बैक-एंड-फॉरवर्ड एक्शन देखने को मिला, जिसमें गुजरात जायंट्स ने पहले हाफ में जितेंदर यादव के माध्यम से सुपर टैकल को अंजाम दिया। हालांकि, यूपी योद्धा ने तुरंत दो अंकों की बढ़त के साथ जवाब दिया। जायंट्स ने कुछ समय के लिए घाटे को मिटाने में कामयाबी हासिल की, लेकिन महेंद्र सिंह के निर्णायक टैकल ने योद्धा के पक्ष में मैच मोड़ दिया। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने अंतिम क्षणों में अपनी बढ़त को बनाए रखने की टीम की क्षमता की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा, अंतिम मिनटों में बढ़त हासिल करना उतना ही चुनौतीपूर्ण हो सकता है जितना कि किसी का पीछा करना।

# बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुनर्गठित 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल रांची में हुए संस्करण में खिताब जीतने के बाद, गत चैंपियन के रूप में भारत उच्च उम्मीदों के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश कर रहा है। महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे होंगी, जबकि नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। उनके नेतृत्व में, भारत का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना है। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की तैयारी पर मिडफील्डर और कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, एक और प्रमुख टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर गत विजेता के रूप में। हमने कठोर प्रशिक्षण लिया है और हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं दोनों के साथ एक मजबूत इकाई है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमें अपनी तैयारी और टीम के भीतर बनी केमिस्ट्री पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक बहुत बड़ा बढ़ावा है, और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। सलीमा के साथ काम करना शानदार रहा है, और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए दृढ़ हैं। भारत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 अभियान की शुरुआत करेगा। बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: गोलकीपर- सविता, बिचू देवी खारीबाम। डिफेंडर- उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरबम, इशिका चौधरी। मिडफील्डर- नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी। फॉरवर्ड्स- नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

# दक्षिण कोरिया ने अंडर-17 एशियाई कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**डालियान।**

दक्षिण कोरिया ने रविवार को चीन के साथ 2-2 से ड्रा खेलकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर अंडर-17 एशियाई कप फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया।



ग्रुप सी के अंतिम गेम में स्थानापन्न ली जी-हो ने 87वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर दक्षिण कोरिया को बराबरी दिलाई।

दक्षिण कोरिया और चीन दोनों ने अपने क्वालीफाइंग अभियान को तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ समाप्त किया, जिसमें दक्षिण कोरिया अपने बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर रहा।

अन्य समूहों के खेल समाप्त होने के बाद ही चीन को पता चलेगा कि वे पाँच सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान वाली टीमों में से एक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं या नहीं।

दक्षिण कोरिया ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और नौवें मिनट में ही स्ट्राइकर जून मिन-सुंग ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

चीन के मिडफील्डर याओ जुन्यू ने 45वें मिनट में कोरियाई रक्षा पंक्ति को तोड़कर स्कोर बराबर कर दिया।

66वें मिनट में, चीन को पेनल्टी दी गई, और फॉरवर्ड वेई जियांगक्सिन ने आगे बढ़कर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। लेकिन अंत से तीन मिनट पहले, चीन के लियू जियाले ने क्षेत्र में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी को नीचे गिरा दिया, जिससे पेनल्टी ली को मिल गई, जिसे ली ने गोल में बदल दिया और कोरिया को 2-2 से बराबरी दिला दी।

कुल 43 टीमों को अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर खेलने के लिए दस समूहों में विभाजित किया गया था, और समूह विजेता और सर्वश्रेष्ठ पांच दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें मेजबान सऊदी अरब के साथ फाइनल में शामिल होंगी, जो 3 से 20 अप्रैल, 2025 तक निर्धारित है।

# बीसीबी की पेशकश पर बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने को तैयार ताइजुल इस्लाम

**चटगांव।**

बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। उनसे टेस्ट टीम की कप्तानी के बारे में पूछा गया था, क्योंकि ऐसी खबरें थीं कि मौजूदा कप्तान नजमुल हुसैन शांतो घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद कप्तानी जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं।



बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट 29 अक्टूबर (मंगलवार) से शुरू होने वाला है। मेहमान टीम शुरुआती टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज करके 1-0 से आगे चल रही है। बता दें कि शांतो ने सीरीज के बाद कप्तानी छोड़ने की इच्छा जताई थी।

इस बारे में पूछे जाने पर, एक दशक से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे अनुभवी ताइजुल ने शांतो के बारे में ऐसी किसी भी बात को सुनने से इनकार किया, लेकिन साफ किया कि जरूरत पड़ने पर वह कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर ताइजुल ने संवाददाताओं से कहा, मैंने इस मामले (नजमुल के कप्तानी से इस्तीफा देने के संबंध में) पर कुछ नहीं सुना है। यह हमारी भूमिका का हिस्सा नहीं है, मुझे इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। 10 साल तक खेलने के बाद मैं कप्तानी के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

हाल ही में भारत दौरे पर मिली करारी हार के बाद बांग्लादेश लगातार दूसरी सीरीज हारने की कगार पर है। उन्हें लगता है कि अगर उन्हें सीरीज बराबर करनी है तो बल्लेबाजों को ज्यादा ज़िम्मेदारी लेनी होगी।

उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य वही है: हम जीतने के लिए खेलेंगे। जहाँ तक मैच की परिस्थितियों का सवाल है, हम खेल शुरू होने के बाद उन्हें समझ जाएँगे। लेकिन हमारा ध्यान एक टीम के रूप में खेलने पर होगा - चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण। हम जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हर मैच एक अवसर है। उस दृष्टिकोण से, मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजों के लिए एक और मौका है। हमने एक टीम के रूप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है, हालाँकि कुछ ने अलग-अलग मैचों में व्यक्तिगत प्रदर्शन किया है। अगर हम एक खेल में दो या तीन साझेदारियाँ बना सकते हैं, और एक या दो खिलाड़ी शतक बनाते हैं, तो हमारा लक्ष्य बहुत बड़ा होगा और हर कोई कड़ी मेहनत कर रहा है और पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# पाक के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, मार्श को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए आराम

**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला के लिए नया कप्तान मिलेगा, क्योंकि उसके टेस्ट सितारे इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह श्रृंखला उसी सप्ताह समाप्त होगी, जिस सप्ताह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान शुरू होगा। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जोश इंगलिस, एडम जाम्पा और मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है।



ब्रिसबेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए 13 सदस्यीय टीम में टेस्ट टीम के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को नहीं चुना गया है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि चुने गए कुछ खिलाड़ी 18 नवंबर को बेलरिव ओवल में होने वाले अंतिम टी-20 मैच के बाद पर्थ में भारत के खिलाफ होने वाले सीरीज के पहले मैच के लिए टेस्ट टीम में शामिल हो सकते हैं। सितंबर में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से पहले या उसके दौरान लगी चोटों के बाद तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन टीम में वापस आ गए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, जेवियर, स्पेंसर और नाथन का राष्ट्रीय टीम में वापस आना विशेष रूप से उत्साहजनक है। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का एक और अवसर है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।

**ऑस्ट्रेलिया की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम:**

सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।

### गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन सोमवार को पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। कर्स्टन बमुश्किल पांच महीने तक इस पद पर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा अप्रैल 2024 में दो साल के अनुबंध पर नियुक्त किए गए कर्स्टन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे से पहले अलग हो जाएंगे। टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे, गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया। दक्षिण अफ़्रीकी खिलाड़ी का पहला बड़ा काम वेस्टइंडीज़ और अमेरिका में टी20 विश्व कप था, जो पाकिस्तान के ग्रुप स्टेज में बाहर होने के साथ समाप्त हुआ। उन्होंने एक भी वनडे में पाकिस्तान को कोचिंग दिए बिना अपनी भूमिका छोड़ दी, जिस प्रारूप में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। 56 वर्षीय कर्स्टन ने 2011 में भारत को 50 ओवर के विश्व कप का खिताब दिलाया था।






# दिवाली की तारीख पर फिर फंसा पेंच



**नई दिल्ली।** 31 अक्तूबर या फिर एक नवंबर, कब मनाएं दिवाली... इसको लेकर एक बार फिर से पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। ये सवाल पहले भी उठ रहे थे, लेकिन काशी विद्वत परिषद ने 31 अक्तूबर को दिवाली मनाने की बात कही थी। लेकिन अब सांग्वेद विद्यालय स्थित गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा और वैदिक सिद्धांत संरक्षिणी सभा ने देश भर के पंचागों का अध्ययन कर एक नवंबर को दिवाली मनाने को कहा है। पं विशेश्वर शास्त्री ने बताया कि हृषिकेश पंचांग के अनुसार, 31 अक्तूबर को दिवाली मनाई जाएगी। वहीं, गणेश आपा पंचांग, म.म.श्रीमद् बापूदेवशास्त्रीप्रवर्तित दिक्सद्ध पंचाग के अनुसार, एक नवंबर को दिनमान 27 घटी 40 पल हैं। अमावस्या 30 घटी 25 पल हैं। पंचांग के दिनमान और तिथिमान के अनुसार, एक नवंबर को लक्ष्मीपूजन होगा। श्री वेंकटेश्वर शताब्दि पंचांग के अनुसार, एक नवंबर को दिनमान 27 घटी 23 पल हैं। उस दिन अमावस्या 29 घटी 32 पल हैं। इसके अनुसार लक्ष्मीपूजन एक नवंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा चुनाव में प्रस्तावक रहे और अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले विद्वान गनेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने काशी विद्वत परिषद से 31 अक्तूबर को दिवाली मनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने को कहा है। गनेश्वर शास्त्री ने कहा कि पांच प्रमुख पंचागों में से तीन ने एक नवंबर को दिवाली मनाने की बात कही है। एक नवंबर को उदया तिथि में प्रदोष और सूर्यास्त के बाद अमावस्या भी मिल रही है। इसके साथ ही स्वाति नक्षत्र और प्रतिपदा मिल रही, जो कि महालक्ष्मी पूजन के लिए सर्वोत्तम है। काशी विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने कहा था कि काशी विद्वत परिषद में दिवाली मनाने की तिथि पर चर्चा हुई। पंचांग के हिसाब से विद्वानों ने निर्णय लिया कि 31 अक्तूबर को ही दिवाली मनाई जाए। वहीं, उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं। आनंदशंकर व्यास के मुताबिक, इस साल दिवाली 31 अक्तूबर को मनाना सर्वश्रेष्ठ है। 31 को अमावस्या है, इसीलिए इसी दिन दिवाली मनाना चाहिए। हालांकि, संयोग तो 1 नवंबर के दिन भी है, लेकिन इस दिन अमावस्या तिथि शाम 5 बजे तक ही है, ऐसे में दिवाली 31 को मनाना चाहिए।






অসম বাৰ্তা ছাবস্ক্ৰাইব কৰিবলৈ ৭৬৩৬৮৩৪৯৪৩ ত Assam লিখি ৱাটছএপ কৰক
-- Janasanyog /D/8020/24/29-Oct-24

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**